


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शुक्रवार 14 अप्रैल 2023 ■ वैशाख कृष्ण पक्ष -8 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-016 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 15 अप्रैल 2023 रू. 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### पिकअप पलटा, 20 श्रद्धालु घायल

**जीपीएम ,14 अप्रैल।** जिले में बड़ा हादसा हो गया है। मरवाही में छोटा मालवाहक पलटने से 20 श्रद्धालु घायल हो गए. घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। घायलों में 6 लोगों को अधिक चोटें आई है। बताया जा रहा है कि, ये सभी मुंडन कार्यक्रम से लौट रहे थे। पूरा मामला गोरेला थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, अमरकंटक गौरेला मुख्यमार्ग पर स्थित चुक्तिपानी गांव में ये हादसा हुआ। अमरकंटक से नर्मदा दर्शन कर वापस अपने घर लौट रहे श्रद्धालु हादसे का शिकार हो गए। ये सभी अनूपपुर जिले के भेलवा गांव के रहने वाले हैं। श्रद्धालुओं से भरी तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर जा पलटी। जिसमें 20 लोग घायल हो गए। घायलों में 6 लोगों को गंभीर चोटें आई है।

### 24 घंटे में कोरोना के 370 नए मामलों की पुष्टि

**रायपुर 14 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर कोरोना ने दस्तक दे दी है। छत्तीसगढ़ में आज कोरोना संक्रमण के कुल 370 नए मामलों की पुष्टि की गई है। प्रदेश में प्रतिदिन नए मामलों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। राज्य में आज सर्वाधिक 41 केस रायपुर जिले से मिले है। वहीं राज्य में आज कुल 102 कोरोना मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। राज्य में आज 2 कोरोना संक्रमित की मौत हुई है। प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 994 से बढ़कर 1260 हो चुकी है। आज प्रदेश में 4926 टेस्ट हुए है। बता दे की देश भर में सबसे ज्यादा केस राजधानी रायपुर में मिले हैं। यहां पर 41 नए केस सामने आए और बीते दिन दो लोगों की मौत भी हुई है।

### पीएम मोदी ने एम्स गुवाहाटी का किया उद्घाटन

**असम 14 अप्रैल।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को एम्स गुवाहाटी का उद्घाटन किया। इसके अलावा, उन्होंने गुवाहाटी में कोकराझार, नलबाड़ी और नागांव महाविद्यालय और चिकित्सालय का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने मई 2017 में एम्स गुवाहाटी की आधारशिला रखी थी। इसे 1120 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। एम्स उत्तर पूर्व के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराएगा। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने देश को 500 बेड वाले तीन मेडिकल कॉलेजों यानी नलबाड़ी मेडिकल कॉलेज, नागांव मेडिकल कॉलेज और कोकराझार मेडिकल कॉलेज भी समर्पित किया।



## बिहू का वर्ल्ड रिकार्ड

**गुवाहाटी 14 अप्रैल।** बिहू उत्सव को असमिया संस्कृती के जीवन की रेखा कहा जाता है। इस खास मौके पर बनाए गए रिकॉर्ड को लेकर हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि यह लोकनृत्य का सबसे बड़ा आयोजन था। लंदन में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स मुख्यालय के एक निर्णायक की उपस्थिति में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।

असम के नव वर्ष मनाए जाने वाले रोंगाली पर्व के मौके पर लोकनृत्य बिहू और पारंपरिक संगीत की प्रस्तुति कर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने के लिए असम के 11,304 नर्तकों और ढोल वादकों के साथ एक ही स्थान पर बिहू नृत्य करने और ढोल बजाया है। गुवाहाटी के सरुसजई स्टेडियम में एक साथ हजार से अधिक कलाकारों ने बिहू डांस कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

# सीजी के 12 अस्पतालों को पुरस्कार

## शासकीय अस्पतालों में सुविधाओं के विस्तार से लोगों का बढ़ रहा विश्वासः मुख्यमंत्री

**रायपुर, 14 अप्रैल।**

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज शाम राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कायाकल्प- स्वच्छ अस्पताल योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में स्वच्छ अस्पताल योजना अंतर्गत चयनित अस्पतालों को पुरस्कार वितरित कर उनके बेहतर प्रबंधन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने की।



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे लोगों को सुगम इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सके। यही वजह है कि अब शासकीय अस्पतालों में सुविधाओं के तेजी से हो रहे विस्तार से लोगों का विश्वास बढ़ने लगा है। राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में जिला चिकित्सालय श्रेणी में जगदलपुर जिला अस्पताल को प्रथम और मुंगेली जिला अस्पताल को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रेणी में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के जनकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को प्रथम और मुंगेली जिले के लोरमी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को द्वितीय पुरस्कार मिला। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रेणी में सरगुजा जिले के लुण्ड्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को प्रथम और बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के बरपाली प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रेणी में कांकेर का श्रीराम नगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रथम और कोरबा का गोपालपुर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वितीय स्थान पर रहा। समारोह में कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्यों के लिए एम्स रायपुर के निदेशक डॉ. नितिन नागरकर, रायपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के डॉ. ओ.पी. सुंदरानी और वैक्सीनेटर श्रीमती वृंदा को भी सम्मानित किया गया।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पुरातन छात्रों का सम्मेलन राजधानी में 16 को

**रायपुर 14 अप्रैल।**

इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुरा-छात्र संगठन द्वारा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पुरा-छात्र सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. संगठन के अध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि रायपुर स्थित श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के सांई राम ऑडिटोरियम में होने वाले इस पुरा-छात्र सम्मेलन के दौरान इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुरा-छात्र संगठन के छत्तीसगढ़ चैप्टर का शुभारंभ भी किया जाएगा. उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल 2023 को होने वाला यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू होगा. जबकि दोपहर 2 बजे प्रतिभोज का आयोजन किया जाएगा. सम्मेलन में छत्तीसगढ़ समेत देश के विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक पुरा-छात्र शामिल होंगे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद के पूर्व निदेशक एवं श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलाधिपति राजीव माथुर शामिल होंगे. वहीं विशिष्ठ अतिथि इंडिया टीवी के भविष्यवाणी कार्यक्रम के प्रख्यात ज्योतिषाचार्य आचार्य इंदुप्रकाश होंगे. इसके अलावा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय अनुसूचित जाति विश्वविद्यालय अमरकंटक के कुलपति प्रो. प्रकाश मणि त्रिपाठी भी बतौर विशिष्ठ अथिति मौजूद रहेंगे. संगठन के राष्ट्रीय महासचिव नवीन चंद्रा ने बताया कि इलाहबाद विश्वविद्यालय पुराछात्र संगठन, इलाहबाद विश्वविद्यालय के पुरा-छात्रों का सक्रिय समूह है. यह संगठन देश के विभिन्न राज्यों में पुरा छात्र सम्मेलन के माध्यम से विश्वविद्यालय में पढ़ चुके उन सभी विद्यार्थियों को एक बार फिर से मिलने और पुरानी यादों को ताजा करने का मौका देता है जो देश दुनिया के अलग अलग शहरों में नौकरी या व्यवसाय कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि संगठन ने वर्ष 2022 में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में उ.प्र. के बाहर अपने पहले चैप्टर को शुरू किया था. इसके बाद उत्तराखंड की राजधानी देहरादून एवं हल्द्वानी, राजस्थान की राजधानी जयपुर एवं इन्दौर (म.प्र.) में भी इलाहबाद विश्वविद्यालय पुराछात्र संघ का चैप्टर सफलतापूर्वक शुरू किया जा चुका है. जबकि आगामी दो माह में मेघालय की राजधानी शिलांग, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और हरियाणा-पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ में भी चैप्टर शुरू हो जाएंगे. विभिन्न प्रदेशों की राजधानी के अलावा संगठन द्वारा मध्यप्रदेश के इंदौर और उत्तराखंड के हल्द्वानी में भी इलाहबाद विश्वविद्यालय पुराछात्र परिषद के चैप्टर शुरू किए जा चुके हैं।

# हार्दिक पांड्या पर 12 लाख का जुर्माना

**अहमदाबाद 14 अप्रैल।**

गुजरात टाइटंस को गुरुवार रात पंजाब किंग्स के खिलाफ 6 विकेट से जीत मिली। इस जीत के बाद जहां टीम के सभी खिलाड़ी जीत का जश्न मना रहे थे, वहीं कप्तान हार्दिक पांड्या के लिए बुरी खबर आई। हार्दिक पांड्या पर आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन का आरोप लगा है जिस वजह से उन पर लाखों का जुर्माना लगाया गया है। बता दें, पंजाब और गुजरात के बीच यह मैच मोहाली में खेला गया था। इस मैच में पीबीकेएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड पर 153 रन लगाए थे, इस स्कोर को जीटी ने 1 गेंद शेष रहते हासिल किया।



हार्दिक पांड्या पर स्लो ओवर रेट का आरोप लगा है जिस वजह से उन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह गुजरात टाइटंस की पहली गलती है जिस वजह से कप्तान को ही हरजाना भरना होगा, अगर टीम ये गलती दोहराती है तो कप्तान के अलावा अन्य खिलाड़ियों पर भी जुर्माना लगाया जाएगा, वहीं तीसरी बार ये गलती होने पर कप्तान पर बैन भी लगेगा। आईपीएल द्वारा प्रेस रिलीज के अनुसार 13 अप्रैल 2023 को मोहाली के पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन आईएस बिंद्रा स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद गुजरात टाइटन्स के कप्तान हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है। न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत सीजन का पहला अपराध मिस्टर पांड्या पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बता दें, गुजरात टाइटंस की यह चौथे मैच में तीसरी जीत है। इसी के साथ वह आईपीएल प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर पहुंच गई है। गुजरात के अलावा टेबल में लखनऊ सुपर जाएंट्स और राजस्थान रॉयल्स के भी 6-6 अंक है, मगर बेहतर नेट रन रेट होने की वजह से दोनों टीमें उनसे आगे हैं। बता दें राजस्थान टॉप पर तो लखनऊ दूसरे पायदान पर है।

# योगी सरकार के 6 साल में 183 कुख्यात डॉन मिल गए मिट्टी में

### अब तक हुए 10,933 एनकाउंटर

**लखनऊ 14 अप्रैल।**

यूपी की योगी सरकार जीरो-टॉलरेंस नीति के तहत अपराधियों की कमर तोड़ने में लगी है। उमेश हत्याकांड के बाद माफियाओं को मिट्टी में मिलाने की योगी की हुंकार के अतीक अहमद के बेटे असद को एसटीएफ ने गुरुवार दोपहर एनकाउंटर में ढेर कर दिया। योगी सरकार ने पिछले छह सालों में यूपी में अब तक 110,933 मुठभेड़ हुए। इसमें 183 कुख्यात बदमाशों को एनकाउंटर में ढेर किया। पुलिस की गोली लगने से 5,046 बदमाश घायल होने के बाद गिरफ्तार हुए। अब तक हुई कुल मुठभेड़ के दौरान 23,348 अपराधी पकड़े गए हैं। मुकाबले में 13 पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है। जबकि 1,443 पुलिसकर्मी घायल हुए।



### सबसे अधिक एनकाउंटर मेरठ में

सबसे अधिक मुठभेड़ मेरठ जोन में हुआ है। जिले में कुल छह सालों में 3,205 मुठभेड़ हुई है। जिसमें 64 अपराधियों का सफाया कर दिया गया वहीं, 1708 घायल हो गए। इन झड़पों में के दौरान एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई, वहीं 401 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 5967 अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफल रही। मेरठ के बाद दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा पुलिस एनकाउंटर आगरा में हुए हैं। ताज नगरी आगरा में 1844 एनकाउंटर हुए हैं। इसमें 14 अपराधियों का सफाया हुआ है। जबकि 4654 को गिरफ्तार किया गया। वहीं इन ऑपरेशन से करीब 55 पुलिसकर्मियों को चोटें भी आई। आगरा के बाद तीसरे नंबर पर बरेली है। जहां 1497 मुठभेड़ हुई है जिसमें सात अपराधी मारे गए जबकी 3410 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। इन मुठभेड़ों में 296 पुलिसकर्मी और 437 अपराधी घायल हुए, जबकि एक पुलिसकर्मी की जान चली गई।

असद के मारे जाने के बाद सीएम योगी का पुराना वीडियो एक बार फिर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में माफिया को मिट्टी में मिला देने की सीएम योगी ने चेतावनी दी थी। उमेश पाल हत्याकांड के बाद विपक्ष के हमले का जवाब देते हुए सीएम योगी ने विधानसभा में कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला देंगे।

### समान विचार वाले देशों को सैन्य सहायता देगा जापान

**टोकियो 14 अप्रैल।** जापान ने विशेष रूप से एशिया में समान विचार वाले देशों को सैन्य सहायता मुहैया करने की एक योजना पेश की है क्योंकि वह ताइवान और दक्षिण चीन सागर मुद्दों को लेकर चीन के आक्रामक रुख का मुकाबला करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने पर गौर कर रहा है। जापान टाइम्स की खबर के अनुसार, तोक्यो ने इस महीने की शुरूआत में कुछ दिशानिर्देश घोषित किये थे, जिनमें आधिकारिक सुरक्षा सहायता मुहैया कर समान विचार वाले देशों की सेना को मजबूत करने का एक नया कार्यक्रम भी शामिल है।

# सरकार ने सही किया, गलत काम का मिला अंजाम

### शूटर गुलाम के एनकाउंटर पर मां का बयान

**लखनऊ 14 अप्रैल।**

अतीक अहमद के गुर्गे गुलाम के एनकाउंटर के बाद उसकी मां का बयान सामने आया है। उसकी मां ने कहा कि मेरा बेटा गलत रास्ते पर चला गया था। सरकार ने उसके साथ सही व्यवहार किया है। उसका यही अंजाम होना चाहिए था। उसकी मांग के मुताबिक मैंने उसे सिखाया था कि कभी पेंसिल भी स्कूल से मत लाना मगर वो कहीं आगे अपराध के रास्ते पर चला गया था। आज उसे जो अंजाम मिला है वो सही है। सिर्फ यही नहीं उन्होंने अपने बेटे का शव लेने से भी इंकार कर दिया है।

बता दें कि उमेश पाल हत्याकांड में गुलाम शूटर था। उसकी मां ने कहा कि मुझे मेरे बेटे के जाने का दुख है लेकिन



गलत काम करने का फल मिलना जरुरी है। उसने गलत काम किया था इसलिए उसका शव नहीं लेंगे। गुलाम को असद अहमद के साथ ही पुलिस ने 13 अप्रैल को मौत के घाट उतार दिया था। दोनों को एनकाउंटर में पुलिस ने मार गिराया था।

इस मामले पर गुलाम के भाई राहिल ने भी अपनी मां के फैसले का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि हमने तो पहले ही कहा था कि हम शव लेने नहीं जाएंगे। हम अपनी बात पर अब भी अटल है। हमारा परिवार सेटल था और सभी लोग अपने काम करते है। उसने इस तरह के काम को क्यों अपनाया ये समझना काफी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जघन्य कार्य किया है जिसका हम समर्थन नहीं करते। हम उनका शव लेने नहीं जाएंगे जिसकी जानकारी हमने थानाध्यक्ष को दी है। बता दें कि गुलाम की पत्नी और दो बेटियां थी। मगर उसने अपने परिवार के बारे में नहीं सोचा। गुलाम की मां का कहना है कि लड़के ने हमें सड़क पर लाकर खड़ाकर दिया है। हालांकि उन्होंने कहा कि उसकी पत्नी का उन पर हक है, मैं उसको शव लेने या नहीं लेने के लिए मना नहीं कर सकती।

### छाती व पीठ में लगी गोली से असद की मौत

उत्तर प्रदेश विशेष कार्यबल (एसटीएफ) द्वारा झांसी में माफिया अतीक अहमद के बेटे असद और उसके एक साथी गुलाम को मुठभेड़ में मार गिराए जाने के बाद उसकी मेडिकल रिपोर्ट सामने आ गई है, जिसमें बड़ा खुलासा हुआ है। इस रिपोर्ट के मुताबिक असद को दो गोलियां लगी थी। इसमें से एक गोली उसे पीठ में और दूसरी गोली उसे छाती में लगी थी। जानकारी के मुताबिक असद को छाती में लगी गोली उसकी गर्दन में जाकर फंसी थी। वहीं असद के साथी अहमद की पीठ में एक गोली लगी थी जो छाती चिरते हुए बाहर निकल गई थी। गौरतलब है कि दोनों ही आरोपियों को पुलिस ढूंढ रही थी। इन पर उमेश पाल की हत्या करने का आरोप था। दोनों ने 24 फरवरी को प्रयागराज में अपने साथियों के साथ मिलकर उमेश व उसकी रक्षा में लगे दो सिपाहियों की हत्या कर दी थी।

# केन्द्रीय कर्मचारियों के डीए में होगी 4 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली 14 अप्रैल।**

केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। इस साल जुलाई में सरकार महंगाई भत्ते में फिर से 4 फीसदी की बढ़ोत्तरी कर सकती है। सरकार महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी के ट्रेंड को आगे भी जारी रख सकती है। पिछले दो बार से सरकार डीए में 4 फीसदी की बढ़ोत्तरी कर रही है। पहली बार 4 फीसदी की बढ़ोत्तरी तब की गई थी जब महंगाई भत्ता 34 फीसदी था। उसके बाद पिछले महीने से ही सरकार ने डीए में 4 फीसदी की बढ़ोत्तरी की थी। जिसके बाद केन्द्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 38 फीसदी से बढ़कर 42 फीसदी हो गया है।

पिछले 4 महीने की ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई महीने में मोदी कैबिनेट एक बार फिर से महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में 4 फीसदी का इजाफा कर सकती है। एआईसीपीआई के आंकड़े आना अभी बाकी है। जिसके बाद यह तय हो जाएगा कि डीए में यह बढ़ोत्तरी 3 फीसदी की होगी या फिर 4 फीसदी की।



### बढ़ सकता है फिटमेंट फैक्टर

आपको बता दें कोविड काल के दौरान सरकारी कर्मचारियों के डीए को सरकार ने फ्रीज कर दिया था। बाद में एक साथ 11 फीसदी का इजाफा किया गया था। जुलाई 2021 में डीए में 11 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई थी। जिसके बाद डीए 17 फीसदी से बढ़कर 28 फीसदी हो गया था। अक्टूबर 2021 में डीए में 3 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई थी। जिसके बाद एक बार और 3 फीसदी का इजाफा किया गया था। उसके बाद पिछले साल डीए में 4 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई थी और अब फिर से 4 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई। जिसके बाद महंगाई भत्ता अब 42 फीसदी हो चुका है।

# लोन दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 14 अप्रैल।** आसान प्रक्रिया और कम ब्याज दर पर लोन दिलवाने के नाम पर करीब 300 से अधिक लोगों से सात लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने वाले तीन शातिरों को स्मृति नगर चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लोगों को चूना लगाने के लिए आरोपितों ने चौहान पार्क व्यू जुनवानी में चार महीनों से एक ऑफिस %भी खोल रखा था। आरोपित अखबारों के बीच में पैम्फलेट डलवाकर प्रचार करते थे और सेल्स एग्जीक्यूटिव के माध्यम से लोगों को अपने झांसे में लेते थे। चार महीनों तक लोगों को ठगने के बाद तीनों आरोपित अपना आफिस बंद कर भागने की तैयारी में थे कुछ लोगों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने आरोपितों को पकड़ा और पुलिस के हवाले किया। स्मृति नगर चौकी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत कार्रवाई की है स्मृति नगर चौकी प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपितों ने फिन आर्बिट फाइनेंस सर्विसेस नाम की एक कंपनी से लोन दिलवाने के नाम पर सैकड़ों लोगों से ठगी की है। गिरफ्तार आरोपितों में योगेंद्र रविंद्र पाटीदार (31) निवासी मनवानी कालोनी प्रेस्टीज कंपनी के पास प्रीतमपुर जिला धार मध्यप्रदेश, जितेंद्र सिंह (31) और उसके छोटे भाई रोहित सिंह उर्फ राहुल (24) निवासी धर्मकुंज कालोनी ग्राम काली बिल्लौर थाना बेटमा जिला इंदौर मध्यप्रदेश शामिल हैं। तीनों आरोपित करीब चार महीनों से अविनाश मेट्रोपोलिस के पास दुर्गा नगर और स्मृति नगर में किराये से रह रहे थे आरोपितों ने लोगों को झांसा दिया था कि उनकी कंपनी बहुत ही कम दस्तावेज और आसान 300 लोगों से की सात लाख से अधिक की धोखाधड़ी चौहान पार्क व्यू जुनवानी रोड पर आफिस खोल बना रहे थे शिकार प्रक्रिया के तहत लोगों को कम ब्याज दर पर लोन देती है। आरोपितों ने व्यक्तिगत तौर पर 50 हजार और समूह के लिए एक लाख रुपये तक का ऋण देने का झांसा दिया था। इस एवज में आरोपितों ने लोगों से फार्म भरवाए और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर दो दो हजार रुपये से लेकर छह हजार रुपये लिए थे 300 से अधिक लोगों से रुपये ठगने के बाद तीनों आरोपित गुरुवार को अपना ऑफिस बंद कर भागने की फिराक में थे, लेकिन लोगों को इसकी जानकारी हो गई। इसके बाद उन्होंने आरोपितों को पकड़ा और पुलिस के हवाले किया है बैकुंठ धाम के पास संतोषी पारा कैंप-2 निवासी सुशील साहू की शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी कर आरोपितों को गिरफ्तार, किया है।

## मंदिर से दानपेटी सहित मुकुट चोरी



**भिलाई, 14 अप्रैल।** भिलाई रानीतराई थाना क्षेत्र ग्राम कौही में स्थित मां परमेश्वरी मंदिर में चोरी हो गई मंदिर से चांदी का मुकुट सहित दान पेटी के नगदी चोरी कर ली गई। सूचना पर पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू की संदेह के आधार पर पुलिस ने भूपेंद्र सेन 19 वर्ष निवासी डिडगा को पकड़कर पूछताछ की जिसमे आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया चोरी का समान भी बरामद कर लिया गया पुलिस के अनुसार आवेदक कामता प्रसाद देवांगन ने रानीतराई थाना में अपराध दर्ज कराया था ।

## एक नजर



### भाई-बहन ने रक्तदान कर अनजान मरीज की बचाई जान

**भिलाई, 14 अप्रैल।** जहां एक ओर वर्तमान युग में एक-दूसरे की मदद के लिए खून के रिश्ते भी मुंह फेर लेते हैं, वहीं दूसरी ओर एक कदम मानवता की ओर संस्था के युवा रक्तदाता अनजान मरीजों की जान बचाने के लिए निजी खर्च से दूर दराज के शहरों में पहुंचकर रक्तदान कर रहे हैं। शंकराचार्य मेडिकल रिसर्च अस्पताल में भर्ती एक महिला मरीज को बी नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी। सूचना पर श्री सांई नाथ जन सेवा समिति से जुड़े रक्तदाता भाई-बहन जी. बालकृष्ण मूर्ति व जी. प्रीति मूर्ति ने आधे घंटे में ब्लड बैंक पहुंचकर अनजान महिला मरीज की जान बचाने के लिए रक्तदान कर मानवता की मिसाल कायम की। संस्था के साथ महिला रक्तदाता भी हमेशा रक्तदान करने में आगे रहते है। सेवा भावना में आगे रहने वाले युवा व्यवसायी शुभम गुप्ता ने बताया कि भिलाई के शंकराचार्य अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती श्रीमती कशिश जिनका उम्र 19 वर्ष दुर्ग निवासी को प्रेग्नेंसी में कुछ समस्या के कारण डॉक्टरों ने अर्जेंट ब्लड की डिमांड की और एक अन्य केस में अहिवारा के निजी हॉस्पिटल में भर्ती मरीज के लिए ब्लड की डिमांड किये। महिला मरीज के परिजनों ने संस्था से जुड़े युवाओं का आभार जताया। गौरतलब है कि बीते दिनों संस्था की ओर से समिति के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था। जिसमें लगभग 92 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया था।

### स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर मतदान के प्रति किया लोगों को जागरूक




**दुर्ग, 14 अप्रैल।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कसारीडीह वार्ड 42 क्षेत्र के रिक्त पार्षद पद पर चुनाव कराया जाना है।जिसमें मतदाता सूची पुनरीक्षण के पश्चात प्रारंभिक प्रकाशन होने पर 10 अप्रेल से लेकर 17 अप्रेल तक दावा आपत्ति लिया जा रहा है।जिंसमे वार्ड 42 के सभी मतदातागण अपने मतदाता सूची का अवलोकन संबन्धित वार्ड के साई मंदिर के पास कसारीडीह स्कूल में बीएलओ से संपर्क कर अपने नाम का अवलोकन कर सकते है। इस दौरान नाम नही होने पर अपना नाम जोड़ने संशोधन तथा विलोपन के लिए दावा आपत्ति किया जा सकता है।अधिक से अधिक मतदान करने एवं मतदाता सूची में 18 वर्ष के मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु मतदाता जागरूकता जाबो कार्यक्रम के अंतर्गत आज शासकीय प्राथमिक शाला कसारीडीह के स्कूली ब'चो ने सुबह मतदाता जागरूकता की रैली निकाली।मतदान के प्रति किया जागरूक,जागो वोटर,जाबो मतदाता जागरूकता रैली में ब'चों ने लगाए नारे - आपका मतदान लोकतंत्र की जान देश करत हवय आहवान,बहुत जरूरी है मतदान,इस दौरान ब'चों ने कसारीडीह,राव कॉटेज लाइन होते हुए बेर पारा,सुभाष नगर से लेकर कन्हैयापुरी चौक कसारीडीह क्षेत्र के विभिन्न जगहों में ब'चों ने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास जताते हुए अभिभावकों और आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया।मतदाता जागरूकता रैली में शामिल ब'चे हाथों में पोस्टर लिए क्षेत्र के लोगों को लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करते जा रहे थे। नर हो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो,घर-घर साक्षरता लाएंगे ,सबसे वोट दिलवाएंगे, देश व प्रदेश की तरक्की तभी करेगा।

## महिला ने ससुराल में लगाई फांसी जांच में प्रताड़ना की पुष्टि

**भिलाई, 14 अप्रैल।** भिलाई-3 थाना अंतर्गत मार्च माह में एक महिला ने ससुराल में फांसी लगा ली पुलिस की जांच में मृतका के मायके वालों के बयानों से प्रताड़ना की पुष्टि होने पर पुलिस ने आरोपी पति व सास के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाई-3 पुलिस ने बताया कि मनीषा पाल पति केशव पाल ( 26 वर्ष ) निवासी डबरापारा भिलाई 03 में 1 मार्च को अपने ससुराल में दुपट्टे से फांसी लगा ली थी। इस मामले में मर्ग कायम कर जांच में पाया गया कि मृतका के पति केशव पाल एवं सास कैलाश देवी पाल ने शादी के बाद से मनीषा पाल को छोटी -छोटी घरेलू पारिवारिक बातों एवं अपने मायके से पैसा लाने की बात बोलकर मारपीट कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। इससे परेशान होकर मनीषा ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस आरोपी पति व सास के खिलाफ धारा 306, 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।

## सेक्टर-9 हॉस्पिटल को मिली ब्रेस्टफीडिंग-फ्रेंडली अस्पताल की मान्यता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 14 अप्रैल।** सेल- भिलाई इस्पात सयंत्र, छत्तीसगढ़ - राज्य में एक अग्रणी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र (जेएलएनएचआरसी) सेक्टर 9 को विशेष मातृत्व और नवजात केयर के लिए मान्यता दी गई है। जेएलएनएचआरसी को ब्रेस्टफीडिंग प्रमोशन नेटवर्क ऑफ इंडिया (बीपीएनआई) से %ब्रेस्टफीडिंग -फ्रेंडली अस्पताल% का प्रतिष्ठित मान्यता प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है, जो सेल अस्पतालों में पहला और छत्तीसगढ़ राज्य में दूसरा है। ब्रेस्टफीडिंगफ्रेंडली हॉस्पिटल मान्यता उन अस्पतालों को दी जाती है जिन्होंने स्तनपान को बढ़ावा देने और समर्थन करने वाली नीतियों और प्रक्रियाओं को लागू किया है। बीपीएनआई एक गैर-सरकारी संगठन है जो भारत में स्तनपान की प्रतिरक्षा, संवर्धन और समर्थन करने के लिए काम करता है। जेएलएनएचआरसी सेक्टर 9 के नवजात आईसीयू में प्रति 1000 प्रसवों पर 4 की मृत्यु दर है, जो भारत के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों के साथ तुलना योग्य है। यह आईसीयू सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस है और इसमें अच्छी तरह से प्रशिक्षित डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ हैं जो यह सुनिश्चित करता है कि रोगियों की सर्वोत्तम संभव देखभाल प्राप्त हो। प्रसूति और स्त्री रोग विभाग शिशुओं की सुरक्षित डिलीवरी सुनिश्चित करने और बीएफएचआई मानकों का अनुपालन सक्रिय रूप से भाग लेता है। बीएफएचआई मान्यता जन्म के तुरंत बाद मां के बच्चे के संबंध को बढ़ावा देगी। यह नर्सिंग माताओं और स्तनपान सहायता समूह के बीच संबंध को भी बढ़ाता है। माँ और बच्चों को लगातार अधिक देखभाल मिलती है। हमें बीपीएनआई से यह मान्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर गर्व है, जेएलएनएचआरसी के सीएमओ प्रथम/सी डॉ रवींद्रनाथ ने कहा। यह प्रमाण पत्र ओएनजी विभाग और बाल चिकित्सा विभाग का टीम वर्क और नई माताओं और उनके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करने के लिए हमारे समर्पण का प्रमाण है। हम स्तनपान को बढ़ावा देने और समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे सभी रोगियों को सर्वोत्तम संभव देखभाल मिले।

सीएमओ डॉ प्रमोद बिनायके, डॉ. राजीव पाल, डॉ विनीता द्विवेदी, डॉ कौशलेंद्र ठाकुर, चिकित्सा रखरखाव विभाग सहित बाल चिकित्सा और प्रसूति और स्त्री रोग विभाग के डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ ने इस मील के पत्थर को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बधाई



**जामुल।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक राजेश सिन्हा के कन्या की जन्मदिन की पार्टी में पूर्व नपाध्यक्ष एवं पार्षद रेखराम बंछोर साथ में जगदीश देवांगन, पंचुसेन, ओमप्रकाश साहू, विष्णु सिन्हा आदि साथ में शामिल हुए।

## बाइक पर घूमने निकले विधायक देवेन्द्र यादव



**भिलाई, 14 अप्रैल।** भिलाई नगर के विधायक देवेन्द्र यादव बृहस्पतिवार को बुलेट मोटरसाइकिल पर अकेले ही घूमने निकल पड़े। लेकिन उनका यह घूमना अपने विधानसभा क्षेत्र भिलाई नगर की बजाय वैशाली नगर विधानसभा में हुआ ! बृहस्पतिवार की शाम तकरीबन 7 बजे बुलेट मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 आरएन 9910 पर लिंक रोड होते जवाहर मार्केट की ओर विधायक देवेन्द्र यादव निकले तो दुकानदारों ने उन्हें पहचान लिया। कुरता-पायजामा, कसा हुआ बूट पहने, चश्मा लगाए अपने चिरपरिचित अंदाज में मुस्कराहट के साथ जब उन्हीं कुछ दुकानदारों ने पहचान लिया और अभिवादन किया तो वे दुकानदारों को नाम से पुकारते अभिवादन स्वीकारते बढ़े। कुछ लोगों ने कयास लगाया कि हो सकता है कि आसन्न विधानसभा चुनाव को देखते हुए वे टोह लेने निकले हों। कुछ लोगों ने तरुण छत्तीसगढ़ को बताया कि इसी अंदाज में भिलाई नगर के विधायक देवेन्द्र यादव सिविक सेण्टर आदि क्षेत्रों में भी मोटरसाइकिल पर घूमते एवं लोगों से मिलते-जुलते देखे गए हैं। बहरहाल राजनैतिक हलकों में भी इसकी चर्चा है।



### जगदलपुर के भरोसे के सम्मेलन में प्रदेश उपाध्यक्ष ममता ने प्रियंका गांधी से सौजन्य मुलाकात की

**कवर्धा, 14 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ राज्य में जगदलपुर जिला में भरोसे के सम्मेलन में पंडरिया विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती ममता मनोज चंद्राकर ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी से सौजन्य मुलाकात की ।

## बीएसपी के सीओ और सीसीडी के सीएसपी-1 में कमीशन किया ऑटो व्हार्फ डिस्चार्ज मैकेनिज्म



भिलाई, 14 अप्रैल। सेल-भिलाई स्टील प्लांट ने कोक ओवन और कोल केमिकल विभाग (सीओ और सीसीडी) विभाग के कोक सॉर्टिंग प्लांट (सीएसपी -1) में एक स्वचालित व्हार्फ डिस्चार्ज तंत्र शुरू किया है। 12 अप्रैल, 2023 को सीएसपी-1 में वार्फ-1 के जोन-2 में सीजीएम तरुण कनरार, द्वारा मैकेनिज्म की शुरुआत की गई थी। सीओ और सीसीडी के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य कर्मी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। सीओ और सीसीडी प्रणाली में वार्फ डिस्चार्ज एक महत्वपूर्ण कार्य है क्योंकि व्हार्फ को खाली करने में कोई भी देरी कनेक्टेड कोक ओवन बैटरी के उत्पादन को प्रभावित कर सकती है। पूर्व में व्हार्फ डिस्चार्ज गतिविधि मैन्युअल रूप से निष्पादित की जाती थी, जिसमें कन्वेयर बेल्ट के ओवरलोडिंग को रोकने के लिए एक कर्मचारी को व्हार्फ गेट को 15 मिनट में खाली करके नियंत्रित करना पड़ता था। जिसे अब ऑटो व्हार्फ डिस्चार्ज मैकेनिज्म इनोवेटिव ऑटो-मैकेनिज्म द्वारा इस मैनुअल काम को खत्म कर देगा। संपूर्ण कार्य को महाप्रबंधक पी.वी.वी.एस मूर्ति और महाप्रबंधक एआर साहू के नेतृत्व तथा वरिष्ठ प्रबंधक एसएल पटेल, सहायक प्रबंधक अभिलाष सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक एन एम मुले, वरिष्ठ प्रबंधक डीबी डेकाटे, एच के पटेल, रोहित और स्वामी की कड़ी निगरानी समन्वय के द्वारा आंतरिक रूप से विकसित किया गया है।

### संयंत्र के विभिन्न क्षेत्रों को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया

**भिलाई, 14 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न क्षेत्रों को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। इसमें संयंत्र के आंतरिक परिक्षेत्र एवं भिलाई नगर रहवासी क्षेत्रों के महत्वपूर्ण स्थलों को संरक्षित क्षेत्र छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 26 (1)(2) के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा घोषित किया गया है। राज्य सरकार के आदेश में परिषिष्ट-01 संयंत्र के भीतर के परिक्षेत्र एवं परिषिष्ट-02 में भिलाई टाउनशिप क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थलों का उल्लेख है। संरक्षित क्षेत्र का आदेश कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दुर्ग से 11 अप्रैल 2023 को पारित किया गया है ।



### सांसद प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से सौजन्य मुलाकात की

**कवर्धा, 14 अप्रैल।** सांसद प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से सौजन्य मुलाकात की और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा की आप लोगो की सेवा हमेशा करते रहिए और पीएम मोदी की विकास की नीतियों को बूथ स्तर पर पहुचाते रहिए । आप युवा भी है और पार्टी की रीति नीति के अनुसार कार्य करते रहे । जन सेवा ही देश सेवा है ।

## शालिनी यादव के गृहग्राम पहुंच सीएम ने परिवार को दी सांत्वना



**दुर्ग, 14 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भुपेश बघेल जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष स्वर्गीय शालिनी यादव के गृह ग्राम बोरई पहुंचे थे। जहां उन्होंने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय शालिनी यादव का स्वभाव उनके नाम के अनुरूप ही शालिन एवं सरल था, इसके साथ-साथ वो मृदुभाषी भी थीं। उनका निधन एक अपूर्णीय क्षति है, परंतु समाज के प्रति उनके कार्य, जीवन समर्पण व व्यवहार से उनका नाम चिर स्थायी हो गया है। आने वाली पीढ़ी भी उन्हें उनके सामाजिक और राजनीतिक योगदान के लिए याद रखे इसलिए इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उनके ही द्वारा की गई घोषणा से बनने वाले नवीन नगपुरा कॉलेज का नाम स्वर्गीय शालिनी यादव के नाम पर रखा जाएगा, इस बात की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि भेंट मुलाकात कार्यक्रम में स्वर्गीय शालिनी यादव की अनुपस्थिति पर उन्होंने सहयोगियों से उनके संबंध में पूछताछ की। जिसमें सहयोगियों से उनके असवस्थ होने की जानकारी प्राप्त हुई। इसके बाद लगातार उनके स्वास्थ्य संबंधी सूचनाएं परिवार से मिलती रही, हर संभव स्वास्थ्य सुविधा भी मुहैया कराने का प्रयास किया गया, परंतु परमात्मा द्वारा लिखे विधान को नहीं टाला जा सका। इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने भी स्वर्गीय शालिनी यादव को याद करते हुए शोक संदेश स्वरूप अपनी भावना व्यक्त की। उन्होंने स्वर्गीय शालिनी यादव के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की चीर शांति तथा उनके परिवार को दुख के इस घड़ी में बल मिले इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर जिला पंचायत बालोद के उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, जिला पंचायत दुर्ग उपाध्यक्ष अशोक साहू, सदस्य योगिता चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष श्री देवेन्द्र देशमुख, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग श्रीमती झमीत गायकवाड़, राजेन्द्र साहू जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष, भिलाईनगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष केएन प्रेमनाथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन व अधिकारीगण उपस्थित थे।

## अवैध पोस्टर एवं बैनर लगाने वालों के खिलाफ निगम आयुक्त हुए सख्त

**भिलाई, 14 अप्रैल।** अवैध पोस्टर एवं बैनर लगाने वालों के खिलाफ भिलाई निगम ने बड़ा अभियान छेड़ दिया है। इसी कड़ी में दूसरे दिन भी भिलाई निगम ने अवैध पोस्टर एवं बैनर इत्यादि को हटाने की कार्रवाई की। संयुक्त दल के द्वारा नेहरू नगर जोन क्रमांक 1 छेत्र अंतर्गत आने वाले रानी अवंती बाई चौक से कोहका से अमन ढाबा तक, शंकराचार्य कॉलेज जूनवानी से सूर्या मॉल चौक तक, स्मृति नगर ताज रूई भंडार से जुनवानी चौक तक संपत्ति विरूपण के तहत कार्यवाही की है। इस दौरान पोल में लगे हुए सभी पोस्टर एवं बैनर को निकाल कर इसकी जब्ती बनाई गई। इसके साथ ही निगम के द्वारा 27 नग लोहे के बोर्ड जब्त कर इसे सुरक्षित रखा गया है। निगम ने अवैध पोस्टर एवं बैनर लगाने वालों पर आर्थिक दंड लगाना भी प्रारंभ कर दिया है, जिसके तहत आज 5000 रुपए जुर्माना लगाया गया। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई में संपत्ति विरूपण के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसके तहत 10, 11 एवं 12 अप्रैल को नेहरू नगर जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत तथा 13, 14 एवं 15 अप्रैल को वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत, 17 एवं 18 तारीख को जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर क्षेत्र अंतर्गत, 19 एवं 20 अप्रैल को शिवाजी नगर जोन क्षेत्र अंतर्गत तथा 21 एवं 22 अप्रैल को जोन क्रमांक 5 सेक्टर 6 अंतर्गत संपत्ति विरूपण की कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि सार्वजनिक स्थानों में बैनर, पोस्टर जैसे प्रचारक सामग्री अवैध रूप से लगा देने के कारण यातायात प्रभावित होता है साथ ही दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ती है, प्रकाश की व्यवस्था होने के बावजूद भी प्रकाश उचित स्थल पर नहीं पहुंच पाता। इन सभी को देखते हुए निगम के द्वारा संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत विशेष कार्यवाही की जा रही है और पोस्टर तथा पंपलेट आदि को हटाने का अभियान निगम के द्वारा छेड़ दिया गया है।



### भाजपाइयों ने भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की अंबेडकर जयंती मनाई

**कवर्धा, 14 अप्रैल।** कवर्धा नगर में भाजपाइयों ने भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पूजा कर अंबेडकर जयंती मनाई । भाजपाइयों ने मास्क पहनकर अंबेडकर पार्क में झाड़ू लगाकर भी स्वच्छता और सेवा का संदेश दिया । अंबेडकर जयंती कार्यक्रम के दौरान सांसद संतोष पाण्डेय , जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर , पूर्व विधायक सियाराम साहू , पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार भट्ट , जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष संतोष पटेल , पतंजलि किसान समिति अध्यक्ष गणेश तिवारी , कवर्धा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी , जनपद उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू , अनुसूचित बीजेपी अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष पंच राम कोसले , बीजेपी जिला मोर्चा अध्यक्ष सतवीन्दर पाहुजा सविता ठाकुर.कार्य समिति सदस्य बीजेपी , भूमिका उके , यूवा बीजेपी नेता कैलाश चंद्रवंशी , कार्यालय प्रभारी पन्ना चंद्रवंशी , जयराम साहू उपस्थित रहे ।

# पहले बस्तर में गोलियां चलती थीं, आज नौजवानों के गीत गूंजते हैं: मुख्यमंत्री

## भरोसे का सम्मेलनः बस्तर आगे बढ़ रहा है, नौजवानों को मिल रहा है रोजगार



**रायपुर, 14 अप्रैल ।** बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में आयोजित भरोसे का सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि पहले बस्तर में गोलियां चलती थी, आज नौजवानों के गीत गूंजते हैं। पहले बस्तर आने से लोग डरा करते थे। आज बस्तर में रोजगार और नवाचार दिख रहा है। वहीं कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रियंका गांधी ने कहा कि बस्तर की संस्कृति और छत्तीसगढ़ में हो रहे नवाचार की गूंज पूरी दुनिया में है। नेहरू जी और इंदिरा जी के दिल में बस्तर के लोगों के लिए विशेष सम्मान था। कार्यक्रम में उन्होंने धान खरीदी - लघु वनोपज के एमएसपी मॉडल और स्वास्थ्य मॉडल के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की जमकर तारीफ की।

'भरोसे का सम्मेलन' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने श्रीमती प्रियंका गांधी की विशेष उपस्थिति में आदिवासियों के तीज त्यौहारों की संस्कृति एवं परंपरा को संरक्षित करने के उद्देश्य 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' का शुभारंभ किया है। जिसके तहत अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम पंचायत को प्रतिवर्ष 10,000 रुपए की अनुदान राशि दो किस्तों में दी जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने इस योजना के अन्तर्गत 1840 ग्राम पंचायतों को 5-5 हजार रूपए की राशि प्रथम किस्त के रूप में वितरित की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां पर आदिवासियों की जमीनें छीन ली गयी थी। देश में पहला उदाहरण था, जब हमने लोहंडीगुड़ा में आदिवासियों की जमीनें वापस कराने का काम किया। विकास के रास्ते पर हम चल रहे हैं, बस्तर आगे बढ़ रहा है। योजनाओं का लाभ लोग ले रहे हैं। शिक्षा के माध्यम से फिर से बस्तर को आगे बढ़ाने का काम चल रहा है। श्रीमती इंदिरा गांधी आई थी, उन्होंने आदिवासियो को पट्टा दिया था। राहुल गांधी ने आदिवासियो को जमीन का पट्टा वापस दिलाया है। बस्तर के नौजवानों को रोजगार मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा में आज डेनेक्स में कपड़े बनाए जा रहे हैं, ये कपड़े देश दुनिया में जा रहे हैं। हमारी बहनें काम कर रही हैं, आगे बढ़ रही हैं। हमारी सरकार ने लाखों परिवारों को वनाधिकार पट्टा देने का काम किया। यह सम्मेलन आदिवासियों, किसानों, मजदूरों, माताओं, बच्चों, बस्तर और छत्तीसगढ़ के भरोसे का सम्मेलन है। माँ दंतेश्वरी माई, बस्तर का दशहरा, और यहां के आदिवासियों की संस्कृति बस्तर की पहचान है, बस्तर की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने की दिशा में काम करते हुए हम देवगुड़ियों और घोटुलों का निर्माण कर रहे हैं। हमारी योजनाओं से वनांचल क्षेत्रों में किसानों और लघु वनोपज विक्रेताओं, तेंदूपत्ता संग्रहको में सम्पन्नता आई है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आगे कहा कि हमने लोक पर्वो पर अवकाश की घोषणा की है। हमारी कोशिश यही है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को काम दे सकें और लोगों की विकास में भागीदारी हो। हम जूते, चप्पल और मोबाइल नहीं दे रहे बल्कि आपकी जेब में सीधे पैसा डाल रहे हैं ताकि आप जो चाहें वो खरीद सकें। हमने डेढ़ लाख करोड़ रूपए लोगों की जेब में डाले हैं। बैगा, पुजारी, गुनिया और भूमिहीनों को हम 7000 रूपए प्रतिवर्ष दे रहे हैं। सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करते हुए हम लोगों को अधिकार सम्पन्न बना रहे हैं। हमारी सरकार सबको साथ लेकर चलने वाली सरकार है।

## एक नजर

### महापौर ने दी आम्बेडकर जयंती की बधाई

**राजनांदगांव 14 अप्रैल।** संविधान निर्माता पूज्य डॉ.भीमराव बाबा साहेब आम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने आम्बेडकर अनुयायियों को डॉ.भीमराव साहब आम्बेडकर जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए बाबा साहेब के बताये सिद्धांतो,मार्गो का अनुसरण कर जयंती मनाने की अपील की है। महापौर श्रीमती हेमा देशममुख ने जयंती की शुभकामना देते हुये बाबा साहेब के आदर्शो पर चलने की अपील की उन्होंने कहा कि बाबा साहेब संविधान के निर्माता थे, जिसमें हमारे अधिकारों व कर्तव्यों का उल्लेख है। वे समाज में जात पात के भेद भाव के विरूद्ध अभियान चलाया तथा दलितों को सम्मान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके आदर्शो पर चलकर समाज की उन्नति के लिये कार्य करना है। निगम अध्यक्ष श्री हरिनाराण पप्पू धकेता,निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी,नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा, श्रीमती दुलारी बाई साहू, गणेश पवार, राजा तिवारी, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, राजेश गुप्ता चम्पू, वरिष्ट सभापति श्री अब्दुल समद खान,कनिष्ट सभापति गामेन्द्र नेताम अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद, श्री ऋषि शास्त्री,जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे व श्री अमीन हुड्डा एवं पार्षदों व नामांकित पार्षदों ने नागरिकों को संविधान निर्माता पूज्य डॉ.भीमराव साहब आम्बेडकर की जयंती के प्रसंग पर अपनी शुभकामनाएं देते हुये उनके आदर्शो पर चलकर जयंती मनाने की अपील की है।

### गौरव पथ स्थित ट्यूब्लर पोलों में लगे रोप लाईट को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी करने पर निगम ने कराई एफआईआर दर्ज

**राजनांदगांव 14 अप्रैल।** नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधा के तहत शहर में स्ट्रीट लाईट लगाया गया है। इसी कडी में गौरव पथ रोड में स्थित ट्यूब्लर पोलो में सौदर्यीकरण के तहत एलईडी स्ट्रीप रोप लाईट लगाया गया है। जिसमें से 25 पोलों में लगे रोप लाईट को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिससे नगर निगम को लगभग 50 हजार रूपये की आर्थिक क्षति हुई है। रोप लाईट चोरी होने पर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने निर्देश पर कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके ने थाना प्रभारी बसंतपुर थाना के पास अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही करने एफ.आई.आर. दर्ज कराई है। जिससे नागरिकों को मूलभूत सुविधा के तहत प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराने में अवरोध न हो तथा इस प्रकार के अपराध में अंकुश लग सके।

### चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में "नेशनल पैथोलॉजी डे" का आयोजन

**रायपुर 14 अप्रैल।** पं.जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के पैथोलॉजी विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ''नेशनल पैथोलॉजी डे'' का आयोजन किया गया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट (आई.ए.पी.एम.) के आह्वान पर 13 अप्रैल को यह राष्ट्रीय पैथोलॉजी दिवस भारत के पैथोलॉजी और मेडिकल रिसर्च के पितामह डॉ. व्ही.आर. खानोलकर के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर पैथोलॉजी विभाग द्वारा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिये पैथोलॉजी क्विज़ का आयोजन किया गया, जिसमें 4-4 एम.डी. विद्यार्थियों की चार टीमों ने भाग लिया। क्विज़ का संचालन डॉ. वर्षा पाण्डेय, डॉ. अमित कुमार भारद्वाज, डॉ. वनिता भास्कर, डॉ. कस्तूरी मंगरुलकर और डॉ. रिति शर्मा ने किया और अंकों की गणना स्कोरर डॉ. पुष्कर चौधरी एवं डॉ. अनुभव चन्द्राकर ने किया। क्विज़ का मार्गदर्शन प्रोफेसर डॉ. राबिया परवीन सिद्दीकी ने किया। स्नातक एम.बी.बी.एस. छात्र-छात्राओं द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में पैथोलॉजी की महत्ता प्रतिपादित करते हुए रंगोली और पेंटिंग बनाई गई। इन दोनों प्रतियोगिताओं का संचालन डॉ. विकास बाम्बेश्वर, डॉ. रुचि वर्मा, डॉ. सूदित पाल, डॉ. सरोज कुमारी, डॉ. सरिता ठाकुर और डॉ. मेघा वर्मा ने किया।

### राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में कु. वूसमी का चयन

**अंवरी14 अप्रैल।** शासकीय माध्यमिक शाला सरबदा की कु. वूसमी साहू पिता संतराम साहू का चयन राष्ट्रीय साधन साह प्राविण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में हुआ है। छात्र की इस उपलब्धि पर प्रधानपाठक आर. सी. साहू, केपी साहू, भागवत साहू, टोकेश टँडन, रविंद्र दीवान,मंत्री गागड़े, नागेंद्र नेताम एवं यामिनी साहू,संकुल समन्वयक एल आर टेकाड़े ने बधाई प्रेषित किया है।



# ईदगाह रोड डामरीकरण कार्य का महापौर ने किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 14 अप्रैल।** नगर निगम द्वारा शहर में विकास कार्य कराये जा रहे है, विकास कार्य के तहत रोड नाली निर्माण के अलावा आवश्यकता अनुसार अन्य निर्माण कार्य कराये जा रहे है। इसी कडी में शासन द्वारा डामरीकरण पेचवर्क कार्य के लिये स्वीकृत 50.00 लाख रूपये में से ईदगाह रोड में पेचवर्क डामरीकरण किया जायेगा। जिसका आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण सर्वश्री मधुकर वंजारी, विनय झा, भागचंद, श्रीमती दुलारी बाई साहू, जिला योजना समिति के सदस्य श्री अमीन हुड्डा, वार्ड पार्षद श्री गप्पू सोनकर, दिग्विजय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री रईस अहमद शकील,छ.ग. प्रदेश हाकी संघ के अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारी, समाजसेवी श्री सूर्यकांत जैन, श्री अमित खण्डेवाल,श्री जावेद अंसारी, श्री संतोष पटाक विशेष रूप से उपस्थित थे। भूमिपूजन के पूर्व लालू रूपारेल, सुमित शर्मा, अब्दुल कलाम, राजा खान आदि ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया, तत्पश्चात अतिथियों ने डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि शासन द्वारा राजनांदगांव शहर में विकास कराये जाने मूलभूत सुविधा रोड, नाली सहित सामुदायिक भवन, उद्यान, मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब सौंदर्यीकरण के लिये राशि उपलब्ध करायी गयी है, जिससे वार्डो में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में आज शासन द्वारा डामरीकरण पेचवर्क कार्य के लिये स्वीकृत 50 लाख रूपये की राशि मे से ईदगाह रोड में डामरीकरण पेचवर्क किया जायेगा। डामरीकरण हो जाने से आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर शहर में कराये जायेगे। इस अवसर उप अभियंता सुश्री पिंकी खाती सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### मुनादी एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिये निगम में ई-रिक्शा



**राजनांदगांव 14 अप्रैल।** नगर निगम के आवश्यक सेवाओं एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का वार्डो में प्रचार प्रसार करने नगर निगम में ई-रिक्शा क्रय किया गया है, जिसका महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने पूजा अर्चना कर हरि झंडी दिखाकर ई-रिक्शा को प्रचार प्रसार के लिये रवाना की। इस अवसर पर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री संतोष पिल्ले, श्रीमती दुलारी बाई साहू, जिला योजना समिति के सदस्य श्री अमीन हुड्डा, पार्षद श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे, ऋषि शास्त्री, नामांकित पार्षद सर्वश्री ऐजाजुल रहमान, मामराज अग्रवाल, झम्मन देवांगन व प्रभात गुप्ता,पार्षद प्रतिनिधि श्री अवधेश प्रजापति, उपस्थित थे। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि नगर निगम के जल विभाग के पेयजल संबंधी, राजस्व विभाग के करो का भुगतान करे, स्वास्थ्य विभाग के साफ सफाई व स्वच्छता जागरूकता व निराश्रित पेंशन शिविर के अलावा समय समय पर अन्य आवश्यक सेवाओं की मुनादी के अलावा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार किराये के माध्यम से कराया जाता था। उन्होंने बताया कि उक्त मुनादी व प्रचार प्रसार के लिये नगर निगम में ई-रिक्शा क्रय किया गया है। जिसमें ध्वनी विस्तारक यंत्र के माध्यम से निगम के कर्मचारी द्वारा वार्डो में मुनादी व प्रचार प्रसार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मितव्ययिता को ध्यान में रखते हुये ई-रिक्शा क्रय किया गया है। ताकि मुनादी आदि कार्य में होने वाले खर्च को कम किया जा सके।

### वनांचल के रॉ टेलेंटड बालिका खिलाड़ियों के लिए बास्केटबॉल खेल का विशेष केम्प राजनांदगांव में 15 से 25 अप्रेल तक



**राजनांदगांव 14 अप्रैल।** दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव विगत कई वर्षो से भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव एवं सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल एकेड़मी के सहयोग से छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिले के वनांचल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों एवं वनांचल के रॉ टेलेंट को खोजकर तराशने का कार्य कर रहा है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भी सरगुजा जिले के 40 बालिका खिलाड़ियों के लिए एवं राजनांदगांव के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की बालिका खिलाड़ियों के लिए विशेष बास्केटबॉल केम्प का आयोजन राजनांदगांव में दिनांक 15 से 25 अप्रैल 2023 तक किया जा रहा हैं। इन खिलाड़ियों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में किया जावेगा जबकि ट्रेनिंग एवं अन्य व्यवस्था भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव एवं सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल एकेड़मी द्वारा की जावेगी। इन्हें भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव के अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव एवं दिव्या धारावथ तथा सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल एकेड़मी की संचालिका एवं अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राधा राव द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जावेगी। इन बालिका खिलाड़ियों को सरगुजा जिला बास्केटबॉल संध के सहयोग से सरगुजा जिले में संचालित विभिन्न कस्तुरबा गांधी छात्रावास की 2009,2010,2011एवं 2012 जन्म वर्ष वाली स्पीड वाली एवं उंचे कद की प्रतिभाशाली बालिका खिलाड़ियों को चयनीत किया गया है। ये रॉ टेलेंटेड खिलाडी 15 अप्रेल को राजनांदगांव आ जायेंगे। इस केम्प के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चयनीत किया जावेगा। चयनीत खिलाड़ियों को दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में निःशुल्क प्रवेश देकर अन्य सभी व्यवस्था प्रदान की जावेगी इन खिलाड़ियों के रहने खाने व स्थानीय ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था स्कूल द्वारा की जावेगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव के अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव एवं उनकी पत्नी कालवा राधा राव विगत कई वर्षो से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों एवं वनांचल के रॉ टेलेंट को खोजकर तराशने का कार्य कर रहे। उक्त दोनो प्रशिक्षक खेल के द्वारा समाज सेवा का कार्य भी कर रहे हैं। इन दोनों ने दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के साथ मिलकर कई खिलाड़ियों का भविष्य बनाया है। इनके द्वारा प्रशिक्षित कई खिलाड़ियों ने नेशनल और इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर देश, प्रदेश एवं राजनांदगांव का नाम रोशन किया है। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के द्वारा साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव के बास्केटबॉल खिलाड़ियों को और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों एवं वनांचल के रॉ टेलेंटेड खिलाड़ियों को इन दोनों प्रशिक्षको के सहयोग से चयनीत कर निःशुल्क एडमिशन और अन्य सुविधाएं दी है। इसी का नतीजा है कि दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक बालिका बास्केटबॉल टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते है और कई खिलाड़ियों ने देश का प्रतिनिधित्व किया है।

# एस.डी.एम. एवं सी.एस.पी. ने विभिन्न सामाजिक संगठन व समिति के पदाधिकारियों की ली बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 14 अप्रैल।** 13 अप्रैल को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के निर्देशन पर विकाशखण्ड स्तरीय शांतिसमिति का बैठक आयोजन किया गया जिसमें एस.डी.एम. अरूण वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल द्वारा श्रीमती हेमा देशमुख महापौर राजनांदगांव की उपस्थिति में पुलिस कंट्रोल रूम स्थित जनसंवाद कक्ष में पड़ोसी जिला बेमेतरा के ग्राम बीरनपुर की घटना के मद्देजनर राजनांदगांव जिला, अनुविभाग व शहर में शांति एवं भाईचारा बनाये रखने हेतु शहर के सर्व समाजिक/धार्मिक समितियों के पदाधिकारीगण, गणमान्य नागरिकगणों का बैठक लिया गया। बैठक में साम्प्रादियकि सौहार्द बनाये रखने हेतु शासन, प्रशासन, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं गणमान्यनागरिकों द्वारा एक मत होकर जिला राजनांदगांव में सभी धार्मिक त्यौहारों को एकजुट होकर शांतिपूर्वक मनाने पर जोर दिया गया। उपद्रवी तत्वों या सांप्रदायिक सदभावना बिगाड़ने वालों पर नजर रखने एवं उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने पर एक राय होकर सहमति दी गई। अराजकता फैलाने वाले तत्वों की जानकारी होने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करे साथ ही साथ पुलिस सोशल मीडिया मोनिटरिंग सेल द्वारा सोशल मीडीया पर पैनी निगाह रखे हुए है, फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्विटर आदि के माध्याम से भड़काने वाले पोस्ट करने व फैलाने वालों के खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि क्षेत्र में अमन-चैन कायम रखा जा सके। सभी समाज के पदाधिकारियों द्वारा शांति कायम रखने एवं शासन प्रशासन का सहयोग करने पर सहमती दी गई। उक्त बैठक में श्रीमती हेमा देशमुख महापौर, पदम सिंह कोठारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष, रूपेश दुबे प्रवक्ता जिला कांग्रेस, मोती साहू कोषाध्यक्ष जिला कांग्रेस, मो.इब्राहिम (मुन्ना) कृष्ण शुभम महाराज प्रांत सत्संग प्रमुख वि.हि.प (छ.ग.) दिव्यां चौरडिया जिला सहायक महापौर (राजनांगांव), अरूण गुप्ता विभाग मंत्री अधिवक्ता विश्व हिन्दू परिषद, भागवत साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगांव, ऋषिदेव चौधरी युवा अध्यक्ष मैथील ब्रम्हण समाज, ओमप्रकाश जिला अध्यक्ष वि.हि.प. राजनांदगांव, कांति कुमार फुले अध्यक्ष बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव, अब्दुल राजिक खान (राजा) अब्दुल कलाम खान, जावेद अंसारी, अशगर अली कन्हारपुरी, इकरामुद्दीन, रईस आहमद शकील आदि उपस्थित थे।

### युवाओं में सरकार के प्रति निराशा और झूठे वायदों को लेकर आक्रोश पनप रहा ङ्क किशुन

**राजनांदगांव 14 अप्रैल।** नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बेरोज़गारी भत्ता और रोजगार के वायदों पर भूपेश सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार बेरोजगारों से खिलवाड़ कर रही है। 2500 रुपए देकर सरकार युवाओं पर एहसान जता रही है। जिनकी योग्यता एक बेहतर नौकरी की है आखिर कैसे उन्हें इससे बड़ी राहत मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि ङ्क सरकार साढ़े चार सालों तक वायदों से भागती रही। बेरोजगारी दर के आंकड़ो की हकीकत छिपाई जाती रही। भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या के नेतृत्व में जब भाजयुमो ने सीएम हाऊस का घेराव किया तब घबराकर बेरोज़गारी भत्ते की घोषणा भूपेश बघेल ने की। इस पर भी ऐसी शर्तें थोप दी गई है जिससे युवा इससे वंचित हो रहे हैं। इन शर्तों की आड़ में बेरोजगारों को दरकिनार किया जा रहा है।



यदु ने कहा कि ङ्क बीएड-डीएड करने वाले बेरोजगार जब सरकार से रोजगार और नौकरी पर सवाल करते हैं तो उन्हें पुलिस से पीटवाया जाता है। ऐसे दौर में बेरोजगारों के चेहरे खिले नहीं हैं बल्कि उनमें सरकार के प्रति निराशा और झूठे वायदों को लेकर आक्रोश पनप रहा है। उन्होंने कहा कि ङ्क पूर्ण शराबबंदी, महिला स्व-सहायता समूहों की कर्ज माफी, संपत्ति कर आधा करने जैसे वायदों पर छलावा करने वाली सरकार ने बेरोज़गारी भत्ता के नाम पर भी महज ठगी ही की है। इस योजना से युवाओं के चेहरे पर मुस्कान का दावे फिजूल और हकीकत से दूर है।

### सैमसंग ने राष्ट्रीय इनोवेशन प्रतियोगिता सॉल्व फॉर टुमारो का दूसरा संस्करणकिया लॉन्च

**रायपुर 14 अप्रैल।** सैमसंग इंडिया ने आज से शुरू हुई अपनी राष्ट्रीय शैक्षणिकऔर इनोवेटिव प्रतियोगिता सैमसंग सॉल्व फॉरटुमारो के दूसरे संस्करण के लिए मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजीके स्टार्टअप हब और फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर आईआईटी दिल्ली केसाथ भागीदारी की है। सॉल्व फॉर टुमारो के साथ, सैमसंग का लक्ष्य देश के युवाओं के बीच इनोवेटिव सोच औरसमस्या का समाधान करने वाली संस्कृति का विकास करना है। सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो केदूसरे संस्करण का उद्घाटन श्री अल्केश कुमार शर्मा, सचिव, मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजीऔर श्री जोंगबम पार्क, प्रेसिडेंट और सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों कीउपस्थिति में किया। भारत के सबसे बडे इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड का प्रमुख सीएसआर कार्यक्रमइनोवेटिव समाधानों की शक्ति और जीवन को बदलनेकी उनकी क्षमता को पहचानता है एक मजबूत सामाजिक प्रभाव डालता है और सैमसग के पॉवरिंगडिजिटल इंडिया को और मजबूत करता है।

### आरोहण फाइनेंशियल ने वित्तवर्ष 2023 में 102 नई शाखाएं खोलीं

**रायपुर 14 अप्रैल।** कोलकाता स्थित, भारत की अग्रणी, डिजिटल रूप से विकसित एनबीएफसी-एमएफआई, आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने पूर्व, पश्चिम, मध्य और उत्तर- पूर्व भारत के वंचित राज्यों में अपना विस्तार करने के लिए वित्तवर्ष 23में अपनी 102नई शाखाएं खोली हैं। मार्च तक इस एनबीएफसी-एमएफआइ की 15 राज्यों में लगभग 835 शाखाएं थीं। ये 102 नई शाखाएं पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्यों में खोली गई हैं तथा अतिरिक्त संचालन असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मेघालय, ओडिशा,तेलंगाना और त्रिपुरा राज्यों में होगा। आरोहण अर्द्धशहरी और ग्रामीण इलाकों में विस्तार के लिए भारी निवेश कर रहा है, ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के विशाल अवसर उत्पन्न कर रहा है, साथ ही समाज के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए कर्ज लेना आसान बना रहा है। इसकी नई बिजनेस लाइन, आरोहण प्रिविलेज डिजिटल लेंडिंग माइक्रोफाइनेंस ग्राहकों के लिए भारत का पहला डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म है। आरोहण प्रिविलेज डिजिटल लेंडिंग के तहत, ग्राहकों को आवेदन स्वीकार होने के 5-10 मिनट में ऋण मिल जाएगा, सुरक्षित तरीके से ऋण के ऑनलाइन पुनर्भुगतान की सुविधा और समय पर पुनर्भुगतान करने पर आकर्षक कैश-बैक आदि जैसे लाभ मिलेंगे। कंपनी ने माईक्रो उद्यमियों के लिए कार्यशील पूंजी पर भी ऋण पेश किए हैं, जिनका टिकट साईज़ 1 लाख रु. से शुरू होता है। इसका पायलट प्रोजेक्ट पश्चिम बंगाल के कोलकाता में बेहाला, महेशतला और जोधपुर पार्क में चलाया जा रहा है। मनोज नांबियार, एमडी एवं सीईओ, आरोहण फाईनेंशल सर्विसेज़ लिमिटेड के अनुसार - ''हमारा प्रयास है कि हमारी वित्तीय सेवाएं का दायरा हर परिवार और हर छोटे व्यवसाय तक पहुँच सके। तीव्र विस्तार करते हुए 2027 तक 20 मिलियन लोगों को सेवाएं देने के हमारे 5 वर्षीय महत्वाकांक्षी लक्ष्य की शुरुआत करते हुए, हम इस साल गुजरात, हरियाणा और महाराष्ट्र में प्रवेश करने की योजना बना रहे हैं।

# काँग्रेस ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनको नमन किया



**रायपुर 14 अप्रैल।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उनको नमन की गया इस अवसर पर गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन में उनकी छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया गया।शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा कि भारत रत्न महान समाज सुधारक और संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने शोषित वंचित और महिलाओं के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को आने वाली पीढ़ियां सदैव याद रखेगी।

इस कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे सुनीता शर्मा नवीन चंद्राकर अरुण जंघेल अशोक ठाकुर प्रशांत ठेंगड़ी शहर प्रवक्ता बंशी कन्नौजे अवीनय दुबे मुन्ना मिश्रा जी श्रीनिवास संगीता दुबे लोकेश्वरी साहू प्रमिला सोनवानी सागर वाकडे शिव वर्मा जयनारायण जलछत्रि निसार चांगल गुड्डू साहू विष्णु राजपूत अरुण सिंह प्रवीण चंद्राकर प्रकाश पुजारा कमलेश नथवानी शब्बीर खान भूपेंद्र जलछत्रि राजू नायक माधव छुरा सचिन अग्रवाल शशि वर्मा गिरिराज चावड़ा धीरेंद्र साखरे धन सिंह यादव महावीर देवाँगन रवि शर्मा उपस्थित थे।

# तीन महीने से बीहड़ जंगलों में रेत का अवैध उत्खनन

- ■ वन विभाग, आबकारी, व आरटीओ बैरियर से होकर गुजर रही हाइवा
- ■ नए जिले पर राजस्व का करोड़ो का नुकसान
- ■ अवैध रेत कारोबारियों पर विभाग मेहरबान
- ■ भिलाई से ऑपरेट हो रहा अवैध रेत का कारोबार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला 14 अप्रैल।** मोहला-मानपुर जिले के जंगलों के बीच से रेत तस्करी जोरो पर है,मानपुर ब्लाक के ग्राम खुर्सेखुर्द में तीन महीनों से चैन माउंटेन लगाकर रेत की तस्करी किया जा रहा है,बताया जा रहा है कि रोजाना तीस से चालीस ट्रिप हाइवा से रेत दूसरे जिले में सप्लाई हो रहा है जिससे राजस्व को लाखों करोड़ों का नुकसान हो रहा है,हैरत की बात है कि नए जिले में खनिज विभाग भी इस बात से अनभिज्ञ है ,नए जिले की खूबसूरती पर दाग लगाने दूसरे जिले के रेत तस्कर क्षेत्र में अपनी पैर पसार रहे है। जिले का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां पर रेत का अवैध कारोबार न हो रहा हो। शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक बेधडक़ तरीके से रेत माफिया द्वारा दिन रात मानपुर मोहला अम्बागढ़ चौकी की सडक़ों पर खुलेआम परिवहन किया जा रहा है। रेत से लोड हाइवा दिन में एनी टाइम सडक़ों में धमाचौकडी मचाते हुए निकलते हैं। इतना ही नहीं अवैध रेत से लोड हाइवा मानपुर में वन विभाग,आरटीओ,आबकारी विभाग के बेरियर के सामने से निकलते हैं, लेकिन किसी की मजाल नहीं कि वह इन हाइवों को रोक सके। हैरानी इस बात की है कि अधिकारियों की आंखों के सामने रेत माफिया दिन रात रेत की चोरी करता है और आज तक किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर पाई।

### छोटी गाड़ियों पर धड़ाधड़ कार्यवाही

नए जिले में बड़े रेत तस्करो पर कार्यवाही न होना भी सवाल पैदा करता है वही छोटी गाड़ियों में आवास,पंचायती काम ,निजी घरो के लिए रेत लाने वाले छोटी गाड़ियों पर प्रशासन लगातार कार्यवाही कर वाहवाही बटोरने में मस्त है,तीन माह से करोड़ों का राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले रेत माफियाओं पर विभाग अब तक कार्यवाही नही कर पा रहा है ।प्रशासन नए जिले पर खरा उतरने की उम्मीद कर रहे क्षेत्रवासी अब दबी जुबान से भी यह कह रहे है कि पुराने कायदों पर ही कायम रहेगा और क्षेत्र की खनिज संपदा बाहरी लोग सफा-चट कर जाएंगे ।

संपादकीय

## फिर शुरू हुई एकता की कवायद

जब भी लोकसभा चुनाव होना रहता है तो विपक्ष के नेता एक हो न हो उनमें से कोई विपक्ष की एकता के सामने आता है और सभी नेताओं को इस बात के लिए मनाने की कोशिश करता है कि देखों भाजपा व मोदी को हम लोकसभा चुनाव में अलग अलग लड़कर नहीं हरा सकते। मोदी को हराना है तो हमें एक होना पड़ेगा। इससे पहले भी दो लोकसभा चुनाव हो चुके हैं, उसमें भी विपक्ष ने मोदी को हराने का सपना देखा था लेकिन वह खुद ही हार गए क्योंकि जो विपक्षी एकता जमीनी स्तर पर होनी चाहिए वह हो ही नहीं पाती है। जमीनी स्तर पर एकता के लिए जरूरी है कि भाजपा के हर प्रत्याशी के लिए हर सीट पर विपक्ष का एक प्रत्याशी हो। यानी चुनाव में भाजपा व विपक्ष के प्रत्याशी का आमने सामने का मुकाबला हो। इसका सपना तो विपक्ष पता नहीं कितने चुनाव में देख चुका है। यह सपना आज तक पूरा नहीं हुआ है क्योंकि राज्य स्तर पर कोई भी विपक्षी दल दूसरे के लिए कोई जगह ही नहीं छोड़ना चाहता है। जैसे यूपी है तो यूपी में विपक्ष  का एक प्रत्याशी होना चाहिए तो यहां जितने दल हैं सब ज्यादा सीटों पर चुनव लड़ना चाहते हैं। ताकि विधानसभा के साथ लोकसभा में वह पहले नहीं तो दूसरे नंबर पर रहे। राज्य की राजनीति में जो विपक्षी दल दूसरे नंबर पर है, वह विपक्ष के रूप में दूसरे दलों को न विधानसभा में ज्यादा सीटे देना चाहता है न ही लोकसभा चुनाव में वह किसी को ज्यादा सीट देना चाहता है, उसकी कोशिश तो यही होती है कि वह लोकसभी व विधानसभा दोनों में दूसरे नंबर की पार्टी बनी रहे तोकि कोई उसके सामने चुनाव मे ज्यादा सीटों का दावा न कर सके। कुल मिलाकर विपक्षी एकता का मतलब इतना ही है कि तुम राज्य व केंद्र में हमारे हिथों का ख्याल रखो, हम तो वही करेंगे जो हमारे हित में है। यानी विपक्षी दल दूसरे से तो अपेक्षा करते हैं  कि वह उसके लिए अपने राजनीतिक हित को छोड़े लेकिन उससे राजनीतिक हित को छोड़ने के लिए कोई न कहे। देश में विपक्षी एकता के लिए शरद पवारस ममता बैनर्जी, नीतीश कुमार कई बार कर चुके हैं लेकिन इसका कोई सार्थक परिणाम अभी तक सामने नही आया है। बिहार में हुए एक सम्मेलन मे नीतीश कुमार ने कहा था कि विपक्षी एकता के लिए कांग्रेस को सामने आना चाहिए। कांग्रेस को अब देरी नहीं करना चाहिए। तब वहां मौजीद कांग्रेस के नेता खुर्शीद अहमद ने कहा था कि विपक्षी एकता तो हम भी चाहते हैं लेकिन सवाल यह है पहले कौन आई लव यू बोलेगा। अप्रैल में नीतीश कुमार फिर एक बार विपक्षी एकता के लिए प्रयास कर रह हैं तो इसका मतलब है कि कांग्रस ने इतने दिनों तक विपक्षी एकता के लिए कोई प्रयास नहं किया तो नीतीश कुमार को झक मार कर कांग्रेस के पास जाकर आई लव यू कहना पड़ा है। कांग्रेस ने विपक्षी एकता के लिए कोई शुरुआत न कर नीतीश कुमार को ही शुरू करने के लिए विवश कर दिया। कांग्रेस जानता है कि राहुल गांधी के नाम पर तो विपक्षी एकता हो नहीं सकती, इसलिए उसने कोई प्रयास नहीं किया। वह चाहती थी दूसरा कोई विपक्षी एकता के लिए प्रयास करे ताकि विपक्षी एतता न हो सके तो उसका दोष कोई कांग्रेस को न दे। विपक्षी एकता विपक्षी नेताओं की मुलाकात, बैठक होने, फोटो खिंचाने तक तो सफल लगती है. लेकिन हकीकत में  मामला तो तब अटकता है जब यह बात सामने आएगी कि किस राज्य में कौन सा दल कितनी सीटों पर चुनाव लडेगा। किसी तरह चुनाव लड़ भी लिए तो विपक्ष का पीएम को चेहरा कौन होगा  इसके लिए लड़ाई होनी ही है। चुनाव तक विपक्षी दल एकता के लिए प्रयास करते हुए तो दिख सकते हैं लेकिन विपक्ष भाजपा के खिलाफ एक हो सकेगा,इसमें संदेह है। पीएम मोदी को हराने के लिए मोदी जैसा नेता ही विकल्प जनता के सामने होना चाहिए। जनता तब ही विपक्ष को कोई मौका दे सकता है। विपक्ष का दुर्भाग्य है कि उसके पास ऐसा कोई नेता ही नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आज दिन भर व्यस्तता बनी रहेगी। अब तक जो भी निवेश किए हैं उनमें आशातीत लाभ भी होगा। आप कुछ ऐसे भी कार्य करेंगे, जिससे आपकी रचनात्मकता सामने आएगी। किसी विशेष की तैयारी में भी समय व्यतीत होगा। जीवनसाथी के साथ मधुर सम्बंध बनेंगे। ध्यान रखने के चलते स्वास्थ्य लाभ होगा।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)**
अगर आप व्यवसाय संबंधी कुछ परिवर्तन करने की योजना बना रहे हैं या स्टाफ, नौकरी आदि में परिवर्तन की सोच रहे हैं तो यह बिल्कुल सही समय है। परंतु अपरिचित लोगों से व्यवहार करते समय कुछ सावधान रहना आवश्यक है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सुधार होगा।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**
समय बहुत ही उचित है। कड़ी मेहनत व कठोर परिश्रम से एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल करने में सक्षम रहेंगे। कहीं समारोह में भी शामिल होने का अवसर मिलेगा। संपत्ति संबंधी कार्यों को करने के लिए आज का दिन बहुत ही शुभ है। बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा। सेहत बनी रहेगी।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**
कार्यक्षेत्र में आज कामकाज का अतिरिक्त दबाव रहेगा तथा कुछ रुकावटें भी आएंगी। लेकिन आप अपनी बुद्धि व योग्यता के बल पर समस्याओं का हल निकालने में सक्षम भी रहेंगे। पार्टनर या किसी सहकर्मी से छोटी सी बात पर मतभेद की स्थिति बन सकती हैं।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**
गुरुजन तथा बड़े बुजुर्गों का स्नेह एवं आशीर्वाद प्राप्त होगा। पिछले कुछ समय से आपने जो मेहनत की है, वह रंग लाएगी। अध्यात्म तथा नैतिकता से जुड़े मामलों पर आपका विशेष ध्यान रहेगा।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
युवाओं को जॉब में कैरियर संबंधी समाचार मिलेगा। किसी बड़े अधिकारी या राजनीतिज्ञ से मुलाकात आपके कई काम आसान हो जाएंगे। परंतु कई मामलों में आपका स्वाभिमान ही आपकी उन्नति में बाधक भी बन सकता है।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**
कुछ परेशानियां तो सामने आएंगी परंतु आप मेहनत व परिश्रम से सभी प्रकार की नकारात्मक परिस्थितियों को सकारात्मकता में परिवर्तित कर लेंगे। भविष्य संबंधी भी कुछ योजनाएं बनेंगी। कुछ ज्ञानवर्धक साहित्य पढ़ने में भी समय व्यतीत होगा। सेहत में सुधार होगा।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**
व्यापार में आज कुछ मुश्किल और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दोपहर बाद परिस्थितियां कुछ अनुकूल हो जाएंगी। धन प्राप्ति के स्रोत प्रबल होंगे परंतु कैश हाथ में रखने की बजाय कहीं इन्वेस्ट करेंगे तो उचित रहेगा। बॉस के साथ सम्बनध मधुर रखें। सेहत सामान्य रहेगी।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**
आज धार्मिक क्रियाकलापों में व्यस्तता रहेगी। किसी धार्मिक यात्रा का भी योग बन रहा है। भाइयों के साथ संबंध सौहार्दपूर्ण रहेंगे। पुराने तनाव से मुक्ति मिलेगी। बच्चों का उनके सुख-सुविधाओं संबंधी वस्तुओं के लिए शॉपिंग का भी मूड बन सकता है।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**
कारोबारी हालात सुधरेंगे। व्यापार में विस्तार संबंधी जो योजना बनाई हैं, उनमें छोटी-मोटी परेशानियां आएंगी परंतु आप पूर्ण करने में सफल रहेंगे।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**
सरकारी कार्यों को पूरा करने के लिए दिन उत्तम है। विरोधियों की योजनाओं को ध्वस्त कर अच्छे परिणाम व प्रशंसा भी हासिल करेंगे। लोग आपसे स्वयं के निजी मामलों में सलाह-मशविरा भी लेंगे।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**
व्यवसाय में कुछ ठोस और खास फैसले लेने की जरूरत है। महत्वपूर्ण लोगों के संपर्क से आपके कार्य बनेंगे। नौकरी में पदोन्नति की पूरी-पूरी संभावनाएं हैं। ऑफिस में माहौल और परिस्थितियां आपके पक्ष में बनी हुई हैं। सामाजिक दायरा और मान सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

# कांग्रेस के प्रति कोई ममता नहीं

राजनीति
शंकर जालान

कहावत प्रचलित है-'गुड़ खाए, लेकिन गुलगुले से परहेज'। राहुल गांधी और राष्ट्रीय कांग्रेस को लेकर इन दिनों कुछ ऐसा ही चल रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ दिए गए बयान के बाद राहुल गांधी की लोक सभा की सदस्यता रद्द कर दी गई, इसे लेकर कांग्रेस समेत तमाम गैर-भाजपाई दल भले ही मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए राहुल के साथ खड़े दिख रहे हों, बावजूद इसके ज्यादातर क्षेत्रीय दलों विशेषकर तृणमूल कांग्रेस को आगामी लोक सभा चुनाव में कांग्रेस का साथ मंजूर नहीं है।

ऐसे में लाख टके का सवाल है कि इस तरह के बिखराव के बीच क्या 2024 में भाजपा को परास्त किया जा सकेगा।

कांग्रेस को अलग रखकर गठबंधन की जो सुगबुगाहट शुरू हुई है, क्या वह साकार हो पाएगी? देश का अगला प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहीं अग्निकन्या के नाम से मशहूर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी क्या सचमुच में ऐसा कर पाएंगी? राहुल का समर्थन, लेकिन कांग्रेस को दरकिनार कर तमाम राजनीतिक दल विशेषकर ममता अपनी राजनीति में सफल हो पाएंगी? कभी अकेले चुनाव लड़ने, अभी भाजपा और कांग्रेस से अलग मोर्चा बनाने जैसी घोषणाओं के पीछे आखिर, ममता की क्या मजबूरी है, या ममता बार-बार और इतनी जल्दी-जल्दी बयान क्यों पलट रही हैं।

इसे लेकर जहां राजनीति के पंडित माथापच्ची कर रहे हैं, वहीं भाजपा राहत की सांस ले रही है क्योंकि भाजपा के केंद्रीय नेताओं या कहें कि रणनीतिकारों को भली-भांति ज्ञात है कि विपक्ष विशेषकर ममता जितना रंग बदलेंगी, भाजपा के



लिए 2024 की राह उतनी ही सहज होगी। बताते चलें कि जिस मुद्दे पर राहुल को लोक सभा की सदस्यता से हाथ धोना पड़ा है, उसी तरह के मुद्दे को उछाल कर तृणमूल कांग्रेस अब प्रधानमंत्री मोदी को न केवल कठघरे में खड़ा करना चाहती है, बल्कि उनकी (प्रधानमंत्री) की सदस्यता रद्द करने की मांग भी कर रही है। तृणमूल का तर्क है कि जब प्रधानमंत्री के लिए अपमानजनक या हास्यास्पद शब्द बोलने पर राहुल को सजा सुनाई जा सकती है, तो फिर ममता बनर्जी के लिए 'दीदी-ओ-दीदी' जैसी व्यंग्यात्मक टिप्पणी के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को क्यूं नहीं ?

पच्चीस मार्च के पहले तक ममता कहती थीं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबसे बड़ी 'टीआरपी' हैं, लेकिन अदालत ने जैसे ही राहुल गांधी खिलाफ फैसला सुनाया, ममता एकाएक राहुल के पक्ष में बोलने और केंद्र सरकार खासकर नरेन्द्र मोदी को घेरने लगीं। सवाल उठ रहा है कि ममता ने अचानक पलटी क्यों मारी? क्या सचमुच में ममता राहुल के साथ खड़ी हैं? अगर हां, तो फिर ममता को उस कांग्रेस से परहेज क्यों है, जिसने उन्हें पहली बार सांसद और केंद्रीय मंत्री बनने का अवसर प्रदान किया था? या फिर क्या ममता राहुल के बहाने 2024 की गोटी सजाने में लगी हैं। जानकारों के एक पक्ष का मत है कि राहुल का मुद्दा उछाल कर ममता बताने की कोशिश कर रही हैं कि मोदी सरकार के इशारे पर विपक्षी दलों के नेताओं के साथ लगातार गलत हो रहा है। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि ममता के सामने फिलहाल विपक्ष का प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनने का लक्ष्य नहीं है, बल्कि अपने घर यानी पश्चिम बंगाल को बचाना उनकी सबसे बड़ी चुनौती है।

कहना गलत नहीं होगा कि अगले आम चुनाव में सूबे में तृणमूल कांग्रेस की राजनीतिक हैसियत दांव पर होगी और इसकी वजह राज्य में भाजपा का बढ़ता जनाधार तो है ही, साथ ही कांग्रेस और वाम मोर्चा की बढ़ती लोकप्रियता भी है। सागरदिघी उपचुनाव में दोनों (कांग्रेस और वाम मोर्चा) ने तृणमूल कांग्रेस को पटखनी दी है, शायद इसीलिए ममता राहुल के साथ तो जरूर दिख रही हैं, लेकिन कांग्रेस के साथ बिल्कुल नहीं। राहुल की संसद की सदस्यता रद्द किए जाने के फैसले के बाद विपक्ष के कई नेता राहुल गांधी के समर्थन में उतरे तो भाजपा के नेताओं ने कहा कि सब कुछ कानून के मुताबिक हुआ है। कहना गलत नहीं होगा कि ममता ने आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस को सिरे से खारिज करना शुरू कर दिया है।

ममता बनर्जी देश के कई नेताओं के साथ मिलकर तीसरे मोर्चे को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही हैं। इस क्रम में उन्होंने हाल में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव से भी मुलाकात की थी। सपा प्रमुख ने आने वाले दिनों में विपक्षी गठबंधन के आकार लेने का भरोसा जताते हुए कहा कि 2024 के लोक सभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ लड़ाई में क्षेत्रीय पार्टियां महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। हालांकि, इस प्रस्तावित विपक्षी मोर्चे में कांग्रेस की भूमिका पर अखिलेश ने कहा कि कांग्रेस को तय करना है कि वह कहां रहे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी है, और हम क्षेत्रीय दल। राहुल और कांग्रेस के मसले को लेकर ममता पर यह कहावत बिल्कुल सटीक बैठती है-'गुड़ खाए, लेकिन गुलगुले से परहेज'।

# सावधान! हीट वेव को हल्के में न लें

मौसम
श्रुति व्यास

गर्मियों का मौसम शुरू है और इस वर्ष यह कतई नार्मल नहीं होगा। तैयार हो जाए हीट वेव के लिए। पिछले सप्ताह तक  बारिश, ओलावृष्टि और आंधी के बेमौसम दौर से तापमान ठिकठाक रहा। लेकिन अब दिन-प्रतिदिन तापमान बढ़ता हुआ है।  मौसम विभाग की चेतावनी है कि अगले पांच दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। मौसम संबंधी एप्स की माने तो अगले एक हफ्ते में तापमान 40 डिग्री तक जा सकता है। बताया जा रहा है कि इस साल गर्मी ज्यादा पड़ेगी, बहुत ज्यादा।हमें ग्लोबल वार्मिंग के खतरनाक दुष्परिणाम भोगने होंगे।इसी गर्मी में पूत के पांव पालने में दिखलाई पड़ेंगे।

इस साल की फरवरी,1901 के बाद की सबसे गर्म फरवरी थी। वही मार्च में जितनी बारिश हुई, उतनी पिछले सौ सालों में कभी नहीं हुई।अब अप्रैल से भारत के मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र की चेतावनी है कि तीन महीने का गर्मी का मौसम बहुत कष्टदायी होगा। पिछले साल भी हीट वेव तकलीफदेह रही थी। उसने दुनिया भर में गेंहू की आपूर्ति को प्रभावित किया था। इस बार भारत के मौसम के पूर्वानुमान की ओर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। छह मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गर्मी से निपटने की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। ऊर्जा मंत्रालय भी जरूरी कदम उठा रहा है। उसने बिजलीघरों को कोयले का आयात करने का निर्देश दिया है। कोयला भारत में बिजली उत्पादन का प्रमुख साधन है और कोयले का घरेलू उत्पादन संभवत: मांग की पूर्ति नहीं कर पाएगा।

विश्व बैंक द्वारा नवंबर में जारी एक रपट में चेतावनी दी गई थी कि भारत दुनिया के उन पहले देशों में से एक बन सकता है जहां वेट बल्ब टेम्परेचर 35 डिग्री सेल्सियस (जो मनुष्य की सहन करने योग्य तापमान की उच्चतम सीमा है) से ऊपर होगा। वेट बल्ब टेम्परेचर क्या है? वह धूप में खड़े होने पर मनुष्य के शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव को मापने का एक तरीका है। वेट बल्ब टेम्परेचर की गणना हवा के तापमान और गति, वातावरण में नमी, सूर्य के कोण और बादलों की मौजूदगी आदि को ध्यान में रख कर की जाती है। जब वेट बल्ब टेम्परेचर 35 डिग्री सेल्सियस हो जाता है तो मनुष्यों के लिए पसीने से अपने शरीर को ठंडा रखना असंभव होता है। इस तरह यह वह अधिकतम तापमान है जिस पर मनुष्य जीवित रह सकता है। कुछ घंटों तक इस तापमान का सामना करने पर स्वस्थ से स्वस्थ व्यक्ति को भी लू लगने एवं मृत्यु होने का खतरा रहता है। सन् 2010 से 2019 के बीच भारत में उसके पिछले दशक की तुलना में ग्रीष्म लहर की घटनाओं में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई।सन् 2019 में प्रकाशित मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर एल्फातिह एल्ताहिर एवं उनके सहयोगियों के एक शोधप्रबंध में चेतावनी दी गई है कि भले ही विश्व ग्रीन हाउस गैसों के उर्त्सजन में कमी की दिशा में प्रगति करे किंतु दक्षिण एशिया के बड़े इलाकों को 31 डिग्री तक के वेट बल्ब टेम्परेचर का सामना करना पड़ेगा, जो कि अधिकांश मनुष्यों के लिए बहुत खतरनाक माना जाता है। एल्ताहिर का यह भी अनुमान कि पूरी दुनिया में फारस की खाड़ी ग्रीष्म लहर की दृष्टि से सबसे ख़राब क्षेत्र होगा। इसके बाद उत्तर भारत और फिर घनी आबादी वाले पूर्वी चीन का नंबर होगा। अगर कार्बन उत्सर्जन में कमी नहीं लाई गई और दुनिया वैसी ही चलती रही जैसे चल रही है तो 2071 से 2100 के बीच, करीब चार प्रतिशत आबादी को कम से एक बार छह घंटे की अवधि की मनुष्यों के लिए जानलेवा 35 डिग्री वेट बल्ब टेम्परेचर की हीट वेव का सामना करना पड़ेगा। जो शहर इस तरह की हीट वेव में जलेंगे उनमें लखनऊ और पटना जैसे बड़ी आबादी वाले नगर शामिल हैं।

# दिशाहीन होता धार्मिक अतिवाद

गंभीर मुद्दा
संजीव ठाकुर

धर्म की अवधारणा ही परोपकार, जनकल्याण, अहिंसा तथा मानवता को निरंतर आगे बढ़ाना है। जबकि अतिवाद किसी मान्यता विचार व अवधारणा को जबरन लागू करने की प्रक्रिया गत सोच है। अतिवाद ही किसी भी विचारधारा या किसी पंथ को अति होने तक ले जाना है। अतिवाद किसी भी धार्मिक और राजनीतिक विषय में ऐसी विचारधारा के लिए प्रयुक्त होता है जो समाज की मुख्यधारा के नजरिए को स्वीकार नहीं करती है। यह एक ऐसा राजनीतिक अथवा धार्मिक सिद्धांत है जो अमर्यादित नीति का पक्षधर है तथा इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाइश भी नही होतीहै। यह धर्म की ओर एवं कठोर मान्यताओं को लोगों पर जबरदस्ती थोपने का कार्य करता है, तथा हिंसा ,हत्या बलात्कार आदि को सर्व मान्य रूप से सही ठहराता है। भारत में धार्मिक विवाद का असर युवाओं पर सबसे ज्यादा पड़ता है क्योंकि युवा मन अपरिपक्व तथा किसी विचारधारा में ढला हुआ नहीं रहता और भारत में 65त्न 35 साल से कम उम्र के युवा निवासरत हैं। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैद्य स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया हैद्य देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा ,विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैंद्य देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू ,मुस्लिम,सिक्ख,इसाई जातीय संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह

पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी।

# शादी का कार्ड

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त, प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

वैसे शादी के कार्ड में होता ही क्या है? ज्यादा से ज्यादा कार्ड के आरंभ में गणेश जी से संबंधी कोई श्लोक, वर-वधू के नाम, उनके माता-पिता के नाम, दिनांक, समय, विवाह स्थल और अंत में बंधुजनों के नाम आदि। इससे ज्यादा क्या लिखा जाता है? लेकिन महामारियों के चलते शादी के कार्ड की रूपरेखा ही बदल गयी है। अब भविष्य में बनने वाले शादी के कार्ड अजीबो-गरीब होंगे। पहले जहाँ लिखा होता था कि आप सपरिवार विवाह में उपस्थित होकर नव दंपत्ति को आशीर्वाद प्रदान करें, वहीं आगे चलकर लिखा होगा कि एक परिवार से केवल एक ही सदस्य विवाहोत्सव में भाग ले सकता है। साफ़-सफाई का ध्यान रखें। किसी भी सूरत में मुँह से मास्क न हटाएँ। बेवजह में किसी भी चीज़ को छूने का प्रयास न करें। नवदंपत्ति से चिपक-चिपककर फोटो खिंचवाने की कोशिश न करें। जहाँ तक हो सके दूर से ही फोटो खिंचवाकर चलते बनें। हर जगह कम-से-कम दो मीटर की सामाजिक दूरी बनाए रखें। काउंटरों की सेवा का पूरा-पूरा लाभ उठाएँ और उनका भरपूर इस्तेमाल करें। उदाहरण के लिए काउंटर-1 पर राशि उपहार, काउंटर-2 पर वस्तु रूपी उपहार, काउंटर-3 पर ऑनलाइन भुगतान जैसे- गूगल पे, पेटीएम, रूपे, क्रेडिट कार्ड  की सहायता से भेटंस्वरूप दी जाने वाली राशि जमा कराएँ। काउंटर-4 पर पुष्पगुच्छ, पुष्पहार आदि के स्थान पर राशि भुगतान करें और काउंटर-5 पर भुगतान की गयी राशि की पावती पर्ची दिखाकर भोजन का टोकन प्राप्त करें। इस टोकन की सहायता से पूरे परिवार के लिए पैक्ड भोजन प्राप्त कर सकेगें। इसे आप बड़े इत्मिनान से अपने घर ले जाकर सपरिवार बैठकर खा सकते हैं।  शादी के कार्ड में अंत में अतिथियों को बुलाने का कारण लिखा होगा। इसमें यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित होगा कि हम उन्हीं अतिथियों को बुला रहे हैं जिनके विवाह में जाकर हमने उपहार अथवा राशि भेंट की थी। इस आमंत्रण के बहाने हम अपने रुपये-पैसे वसूलना चाहते हैं। विशेष सूचना के अंतर्गत अतिथियों से आग्रह किया जाएगा कि वे अपने साथ अपने-अपने मास्क और सेनिटाइजर्स लाना न भूलें। शादी के कार्ड का उद्देश्य पूरा करने तथा आदर्श प्रस्तुत करने के लिए नवदंपत्ति सामाजिक दूरी बनाते हुए डंडियों की सहायता से एक-दूसरे को पुष्पमालाएँ पहनायेंगे।

### गर्मी में पसीने को नियंत्रित करने के लिए अपनाएं टिप्स

गर्मी का मौसम मौज-मस्ती का समय हो सकता है, लेकिन इस दौरान अत्यधिक पसीना आपको असहज महसूस करवा सकता है। हालांकि, पहनने के लिए सही कपड़े चुनने से लेकर हाइड्रेटेड रहने और साफ-सफाई का ध्यान रखने तक, ऐसे कई कार्य और प्रभावी तरीकों से पसीने को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। आइए आज हम आपको 5 ऐसी टिप्स देते हैं जो गर्मियों के दौरान आपको कूल रखने और पसीने को कम करने में मदद कर सकते हैं।  खान-पान की चीजों का गलत चयन भी पसीने की समस्या को बढ़ा सकता है। शराब और कैफीन युक्त चीजें शरीर में एड्रेनालाईन के उत्पादन को बढ़ाने के लिए जानी जाती हैं, जिससे आपको अधिक पसीना आ सकता है। मसालेदार खाना भी पसीने बढ़ाने का काम कर सकता है। ऐसे में पसीने को नियंत्रित करने के लिए शराब और कैफीन का सेवन सीमित करें और हल्के खाद्य पदार्थों का सेवन करें। अधिक पसीने से बचने के लिए खुद को ठंडा रखने की कोशिश करें। इसके लिए हल्के और हवादार कपड़े पहनें।

# सामाजिक न्याय सप्ताह में भाजपाइयों ने पीडब्ल्यूडी पारा स्थित मंदिर व जलाशय परिसर की साफ-सफाई की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 14 अप्रैल ।** भाजपा द्वारा 6 अप्रैल को स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय सप्ताह चलाया जा रहा है यह आयोजन 6 अप्रैल से स्थापना दिवस के दिन शुरू होकर 14 अप्रैल तक जारी रहेगा। इन दिनों भाजपाइयों द्वारा तरह-तरह के कार्यक्रम किए जा रहे हैं इसी क्रम में 13 अप्रैल को इस अभियान के तहत भाजपाइयों द्वारा जलाशय परिसर व गीदम के पीडब्ल्यूडी पारा स्थित शिव मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी, पूर्व नपं नवीन विश्वकर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता , महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष किरण सिंह एवं महामंत्री प्रीति वैष्णव , जनपद अध्यक्ष अन्ति वेक , दिनेश कौशल युवा मोर्चा ब्लाक अध्यक्ष अजय अवस्थी, बंदना लोधी , सुमित्रा नेताम , योगेश्वरी देवांगन समेत अन्य भाजपाई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रियंका गांधी ने पं. नेहरू की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**जगदलपुर, 14 अप्रैल।** भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होने पहुँचे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रियंका गांधी ने जगदलपुर में लालबाग मैदान के निकट स्थित नेहरु स्मृति मंच स्थल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा ने ऐतिहासिक पंडित नेहरू स्मृति मंच का अवलोकन किया। इस मंच का निर्माण उस स्थल पर किया गया है जहां से देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तृतीय राष्ट्रीय आदिवासी सम्मेलन को संबोधित किया था। 13 मार्च 1955 को आयोजित इस सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर पंडित नेहरू यहां आए थे। यहां लगाए गए पांच शिलालेखों में नेहरू जी के जीवन से संबंधित जानकारी का भी अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया।

एक नजर

## एक ही दिन में 17 छात्राएं कोरोना पॉजिटिव, सभी कस्तूरबा विद्यालय की




**गरियाबंद, 14 अप्रैल।** करोना पॉजिटिव का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है गरियाबंद जिले के अंतर्गत मैनपुर कस्तूरबा आवासीय विद्यालय से ही लगभग 18 छात्राएं करुणा पॉजिटिव पाए गए हैं वही बड़ो और बच्चों को मिलाकर अब तक एक दिन मे 27 करुणा पॉजिटिव पाए गए हैं जिसके बाद से प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है दरसल बीते 2 दिन पूर्व देवभोग क्षेत्र में भी स्थित कस्तूरबा विद्यालय में 4 छात्राएं करौना पॉजिटिव पाए गए थे जिसके बाद कल पुनः मैनपुर के हास्टल में 4 छात्र छात्राएं पॉजिटिव पाई गए थे और आज अचानक सामूहिक सेम्पल लेने पर 18 छोटे-छोटे छात्राएं करौन पॉजिटिव पाए गए हैं जिसके चलते प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है और लगातार प्रशासन इनकी व्यवस्थाओं के लिए जुटा हुआ है लगातार सैंपल लिया जा रहा है इस संबंध में आज सीएमओ उवराव से बात करने का काफी प्रयास किया गया किंतु दुर्भाग्य रहा कि वे फोन नहीं उठाएं जिसके चलते उनसे कोई चर्चा नहीं हो पाई लेकिन सूत्र बताते हैं कि गरियाबंद में तेजी से करौना पॉजिटिव फैल रहा है इनमें भी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों पर तेजी से असर इसका दिख रहा है जिसके चलते पालक गण चिंतित नजर आ रहे हैं वैसे भी परीक्षा का मौसम है और परीक्षा इन स्थितियों के बीच छात्राएं किस तरह दे पाएंगे यह भी सोचनीय विषय है और प्रशासन को इस पर तत्काल पहल करते हुए निर्णय लेना चाहिए जिससे कि बच्चों का भविष्य खराब ना हो।

## अग्निशमन पखवाड़ा मनाया जा रहा

**कांकेर 14 अप्रैल।** अग्नि दुर्घटना से बचाव एवं रोकथाम के लिए अग्निशमन पखवाड़ा चलाया जा रहा है। अग्नि दुर्घटना से पूर्व की तैयारी, आग लगने पर क्या करे, क्या न करे के सबंध में जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी श्री संजय मिश्रा ने जानकारी दी है कि आवासीय और कार्यालय परिसरों के लिये एक प्रतिक्रिया योजना तैयार करे, उसको कार्यान्वित करने के लिये समय-समय पर अभ्यास करें। आग-बचाव उपायों जैसे की रुको, गिरो और लुड़कों का नियमित अभ्यास करें। सुनिश्चित करें की सभी निवासियों या आगन्तुकों को समय-समय पर विभिन्न आपातकालीन स्थितियों का सामना करने और प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने का प्रशिक्षण मिल रहा है। अपने आवासीय भवन, कार्यालय परिसर आदि को धुम्रपान-निषेध क्षेत्र बनाने का प्रयास करें। यादि आवश्यकता पड़े भी तो एक अलग धुम्रपान सेवन क्षेत्र बनाये। आपातकालीन निकास मार्गो से हमेशा परिचित रहे। निकास मार्गो और सीढ़ियों को किसी भी अवरोध से मुक्त रखे। समय-सयम पर निकास मार्गो की जांच करें। सुनिश्चित करें की आपके घर और कार्यालय परिसर के आसपास पर्यात्त अवरोध रहित खुले क्षेत्र और चौड़ी सड़के बनी हुई हो। इससे आपातकालीन वाहनों की आवाजाही आसान हो जाती है। सुनिश्चित करें की आपके कार्यालय परिसर और आवासीय क्षेत्र में निकास मार्ग चिन्हित है और अग्निशमन उपकरण ठीक तरह से काम कर रहे है। किसी भी प्रकार की आग को बिना निगरानी के न छोड़े। घर में ज्वलनशील सामग्रीयां, तरल पदार्थ जमा न करें।

## सुराजी अभियान अंतर्गत नामांतरण के 22 सौ आवेदनों का निराकरण

**कांकेर 14 अप्रैल ।** कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला के निर्देशन में सुराजी अभियान अंतर्गत जिले के सभी तहसीलों में नामांतरण के 22 सौ आवेदनों का निराकरण किया गया। डिप्टी कलेक्टर अशोक कुमार मारबल ने बताया कि नामांतरण आदेश पारित कर राजस्व अभिलेख सुधार किया गया है, जिसमें कांकेर तहसील के 314, नरहरपुर के 157, सरोना के 179, चारामा के 298, भानुप्रतापपुर के 448, दुर्गुकोंदल के 191, अंतागढ़ के 379 और पखांजूर तहसील के 234 आवेदनों का नामांतरण का निराकरण किया गया है।

## आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन प्रातः 7 बजे से 11बजे तक

**कांकेर 14 अप्रैल ।** जिले में गर्मी की अधिकता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्मकाल की अवधि में 05 अप्रैल से 30 जून तक आंगनबाड़ी केन्द्र के समयावधि में परिवर्तन किया गया है। अब आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन प्रातः 07 बजे से 11 बजे तक किया जा रहा है। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों को नाश्ता एवं गर्म भोजन प्रदान किया जा रहा है, साथ ही बच्चों को शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा की गतिविधियां भी सिखायी जा रही है।

## चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर 14 अप्रैल ।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिये गये प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कांकेर तहसील के ग्राम साल्हेभाट निवासी 60 वर्षीय रामजी कोर्राम का नदी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित राधेश्याम, कृष्ण कुमार कोर्राम के लिए चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार कांकेर के द्वारा हितग्राही के बैंक खाते में डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से किया जायेगा।

# वेबीनार में दी सुघ्घर पढवईया योजना की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,14 अप्रैल।** जिला शिक्षा अधिकारी डी एस चौहान एवं जिला मिशन समन्वयक श्याम चंद्राकर के निर्देश पर जिले के सभी संकुल केंद्र में सुघ्घर पढवईया योजना एक संकल्प विद्यार्थी में बुनियादी दक्षताओं को हासिल करने के लिए राज्य स्तरीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में मेगा संकुल स्तरीय वेबीनार का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर रामेन्द्र जोशी एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक टिकेन्द्र यदु की उपस्थिति में शासकीय ठाकुर दलगंजन उच्चतर माध्यमिक शाला फिंगेश्वर में किया गया जिसके अंतर्गत फिंगेश्वर, बिजली, सेंदर,बेलर एवं परसदा कला के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक व शिक्षक शिक्षिका इस प्रशिक्षण में शामिल हुए। इस अवसर पर वेबीनार से पूर्व मेगा संकुल के प्रधानपाठकों का बैठक लेकर सुघ्घर पढवईया के बारे में जानकारी दी गई। नोडल प्राचार्य एस. एस. कंवर ने कहा कि सुघ्घर पढवईया योजना में प्रत्येक शाला से यह अपेक्षा है कि सभी विद्यार्थियों में बुनियादी दक्षताएं प्राप्त की





जावे।इस योजना में कोई भी विद्यालय स्वेच्छा से शामिल हो सकता है। संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों को बेहतर और उत्कृष्ट बनाने के लिए एक नया योजना शुरू किया गया है जिसे सुघ्घर पढवईया नाम दिया गया है।यह योजना किसी भी विद्यालय के लिए पूर्णतः स्वैच्छिक एवं स्वप्रेरणा पर आधारित है।पुराणिक ध्रुव संकुल समन्वयक ने कहा कि कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों में हिन्दी गणित,अंग्रेजी व तीसरी से पांचवी के विद्यार्थियों में हिन्दी,अंग्रेजी,गणित,पर्यावरण एवं छटवी से आठवीं के विद्यार्थियों में हिन्दी,गणित,अंग्रेजी,विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान की दक्षताओं की जांच की जावेगी। उत्कृष्ट विद्यालय की चुनौती पर खरा उतरने वाले विद्यालयों को उत्कृष्टता का प्लेटिनम, गोल्ड एवं सिल्वर प्रमाण पत्र दिया जावेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नोडल प्राचार्य प्राचार्य एस एस कंवर, संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू,कमल पांडे,मेघा ठाकरे,नारायण सिंह ठाकुर संकुल समन्वयक अशोक सोनवानी,भुवन यदु,गैंदूराम पटेल पुराणिक ध्रुव,टोकेश साहू प्रधान पाठक ओंकार साहू,भीखम लाल सिन्हा,पुनारद साहू,तीरथ राम साहू,नंदकुमार यादव,लता ध्रुव,रंजना ढ़ीढ़ी,विद्या बोर्झा,गुलाब चंद साहू, वीरेंद्र साहू,सिंधु श्रीवास,पार्वती ध्रुव,योगेश्वरी ध्रुव,सरोज साहू,चोवाराम साहू, टी आर निषाद,गीता यादव,सरोज बाला सूर्यवंशी,बी एल सिन्हा,अनिता ठाकुर, कामिनी कौशल,जय कुमार सतीश सोनीशिक्षक विनोद साहू, मोती ध्रुव हरीश टांडे,प्रेरणा सेन,शकुन गिलहरे,हीरामन साहू,लक्ष्मीनारायण सेन,खेमराज सिन्हा, वीरेंद्र यदु,डहरिया सर,मनोज निषाद,सहित मेगा संकुल के प्रधान पाठक व शिक्षक उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किया सामाजिक, आर्थिक सर्वे एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण

**कांकेर 14 अप्रैल ।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज जिले में संचालित सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण, बेरोजगारी भत्ता का भौतिक सत्यापन और तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर योजनाओं के क्रियान्वयन के वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने गुरुवार को तहसील कार्यालय चारामा और तहसील कार्यालय नरहरपुर का औचक निरीक्षण कर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली तथा प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने और दस्तावेजों के संधारण के संबंध में तहसीलदारों को निर्देशित किया, साथ ही कार्यालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिये।चारामा तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। ग्राम भोथा निवासी देवलाल ने कलेक्टर को जानकारी देते हुए बताया कि सीमांकन प्रकरण के संबंध में तहसील कार्यालय आया हूँ।

# किसान के बकाया ऋण अदायगी के लिए एकमुश्त समझौता योजना

गरियाबंद, 14 अप्रैल। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में चहुंमुखी विकास और अन्य कृषि उत्पादकों का भण्डारों के साथ-साथ किसानों की जेब भी भरें और उनके आय भी बढ़े इस ओर सरकार का पूरा ध्यान है। सरकार की ओर से किसानों के लिए कई प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है। राज्य शासन ने किसानों के लिए कई ऐसे कदम उठाए हैं। जिससे किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

राज्य के सहकारी बैंकों से जुड़े किसानों के लिए राज्य शासन की ओर से अच्छी खबर आयी है। राज्य शासन द्वारा किसान भाईयों के लिए एकमुश्त समझौता योजना 2023 लागू किया है। यह योजना एक वर्ष ( 31 मार्च 2024 तक) के लिए लागू रहेगी। किसानों के पास 31 मार्च 2024 तक बकाया राशि चुकाने का मौका है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक रायपुर ने बताया कि भूमि विकास बैंक रायपुर के



कार्यक्षेत्र अंतर्गत जिला रायपुर, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार, सारंगढ-बिलाईगढ़ और धमतरी शाखाओं से किसानों द्वारा लिए गए मध्यकालीन/दीर्घकालीन कालातीत बकाया राशि की अदायगी के लिए एकमुश्त समझौता योजना-2023 का लाभ उठा सकते है।इस एकमुश्त समझौता अंतर्गत वहीं किसान पात्र होंगे जो भूमि विकास बैंक का कालातीत ऋ्णी सदस्य हो। 31 मार्च 2022 तक 6 वर्ष से अधिक का कालातीत सदस्य रहा हो। सदस्य का खाता एनपीए होने के दिनांक पर समझौता दिनांक पर कुल बकाया ऋ्ण दोनों में से जो भी कम हो उसमे 6 प्रतिशत साधारण ब्याज की अदायगी संबंधित किसान को करनी होगी। यह समझौता योजना 31 मार्च 2024 तक सीमित है। समझौता दिनांक तक ऋ्ण खाते में अधिभारित दण्ड ब्याज, विधिक व्यय एवं अन्य छूट भी बैंक द्वारा दी जाएगी। गरियाबंद जिले के नोडल अधिकारी श्री प्रहलाद पुरी गोस्वामी ने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसान भाई अपने निकटतम जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

# आयुष्मान कार्ड पंजीयन में उत्कृष्ट कार्य करने पर कांकेर जिला पुरस्कृत

**कांकेर 14 अप्रैल ।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत कांकेर जिले में आयुष्मान कार्ड पंजीयन कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कांकेर जिले को पुरस्कृत किया गया है। राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में आज प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव द्वारा कांकेर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे एवं जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान भारत कांकेर श्री सनत पटेल को आज मोमेन्टों एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत कांकेर जिले में 7,36,886 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जाना है, जिसके विरूद्ध 6,32,540 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 86.09 प्रतिशत तथा छत्तीसगढ़ राज्य में सर्वाधिक है। आयुष्मान कार्ड पंजीयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कांकेर जिले को आज राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पुरूस्कृत किया गया। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे और जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान भारत कांकेर श्री सनत पटेल ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने उन्हें अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं में भी बेहतर प्रदर्शन किया जावे गौरतलब है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत सामाजिक, आर्थिक एवं जातीय जनगणना दस्श्च्ष्ट)-2011 की चयनित श्रेणियों में सूचीबद्ध परिवारों तथा डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना अंतर्गत अन्त्योदय एवं प्राथमिकता राशन कार्डधारी परिवारों को 05 लाख रुपये तक एवं शेष ए.पी.एल. परिवारों को 50 हजार रूपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इस योजनांतर्गत कांकेर जिले में अब तक 6,32,540 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा चुका है। विकासखंड चारामा में 99,962 हितग्राही, नरहरपुर में 97,811 हितग्राही, कांकेर विकासखण्ड में 1,03,781 हितग्राही, भानुप्रतापपुर में 80,576 हितग्राही, कोयलीबेड़ा में 1,41,389 हितग्राही, दुर्गूकोंदल में 51,673 एवं अंतागढ़ विकासखण्ड में 57,348 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं तथा पंजीयन के कार्य जारी है। जिले में पंजीयन से छूटे हुये पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए आपके द्वार आयुष्मान अभियान एवं आयुष्मान भारत पखवाड़ा जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कर आयुष्मान कार्ड पंजीयन किये जा रहे हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर स्थल एवं तिथि की जानकारी के लिए मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत सचिव के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है, इसके साथ ही बैनर पोस्टर लगाये गये हैं। नगरीय क्षेत्रों में वाहनों के माध्यम से माकिंग कराया जा रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराई जा रही है।पंजीकृत अस्पतालों में 5536.68 लाख रुपये से78 हजार 165 मरीजों का निःशुल्क उपचारआयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत पंजीकृत 45 अस्पतालों जिसमें 36 शासकीय अस्पताल एवं 09 निजी अस्पतालों द्वारा वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक 78 हजार 165 मरीजों को 5536.68 लाख रूपये से निःशुल्क उपचार कर लाभान्वित किया गया है। वर्ष 2020-21 में 18177 मरीजों को 1214.79 लाख रुपये, वर्ष 2021-22 में 26,052 मरीजों को 1828.56 लाख रुपये तथा वर्ष 2022-23 में 33,936 मरीजों को 2493.33 लाख रुपये तक निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान किया गया है।

समाचार संक्षेप

## पदेडा गांव के पास गंगालूर थाना क्षेत्र में माओवादियों ने दो टिप्पर में आग लगा दी



**बीजापुर,14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गुरुवार की दोपहर माओवादियों ने गंगालूर के सडक निर्माण कार्य में लगी गिटटी परिवहन कर रही दो टिप्पर वाहनो को डीजल टेंक फोडकर आग के हवाले कर दिया. आग जनी के दौरान चालक और अंय लोगों को किसी तरह की छति नहीं पहुंचाई गई है विदित हो. माओवादी शुरू से सडक निर्माण कार्य का विरोध करते रहे है इसी विरोध स्वरूप इस घटना को अंजाम दिया गया है घटना पदेडा गांव के पास की है गंगालूर सडक मार्ग मे ही पिछले दिनों माओवादियों नहीं सिकलेर के समीप पुल को विस्फोटक कर उडाया था क्षेत्र में पिछले कुछ समय से माओवादी लगातार कोई न कोई वारदात कर अपना उपस्थित दर्ज करा रहे है माना जा रहा है कि ग्रह मंत्री अमित शाह के बस्तर दौरे और उनके दिये बयान के बाद माओवादी और अधिक आक्रामक हो गये है घटना के तत्काल बाद मौके पर पुलिस के जवान पहुंचे तथा क्षेत्र के सर्चिंग पर लगे है।

## नक्सल प्रभावित इलाके में 22 अप्रैल को कैंसर मरीजों की करेंगे पहचान



**बीजापुर,14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जैसे दूर-दराज इलाको में कैंसर मरीजों को चिन्हित करने के साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने बीजापुर में पहली बार 22 अप्रैल को मेगा हेल्थ का आयोजन किया जाएगा. सुषमा विंग्स और बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज बीजापुर ब्रांच के संयुक्त तत्वावधान में कैम्प लगेगा, जिसमें राजधानी रायपुर से लेकर सम्भाग मुख्यालय के विशेषज्ञ चिकित्सक नि :शुल्क सेवा देंगेबीजापुर में यह पहली बार है, जब नक्सल प्रभावित इस इलाके बड़े स्तर पर मेडिकल कैम्प का आयोजन हो रहा है. कैम्प को आरोग्यम का नाम दिया गया है. सुषमा विंग्स की अध्यक्ष शशि गुप्ता ने बताया कि सुषमा विंग्स एक पंजीकृत संस्था है, जो 2017 से नि :शुल्क हेल्थ कैम्प के जरिये कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक कर रही हैबस्तर में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं. इसकी मुख्य वजह तम्बाकू का सेवन है. इसके अलावा जीवन शैली भी है. कैंसर के कई प्रकार है, जैसे कि सर्वाइकल कैंसर (ष्द्गह्न1द्वष्ठ्ठ ष्ड्डठ्ठष्द्गह्न) महिलाओं में होने वाला कैंसर है. यह कैंसर यौन संचारित वायरस एचपीवी के संक्रमण के कारण होता है.शशि गुप्ता ने बताया कि लोगों में कैंसर के प्रति जागरूकता का अभाव है, नतीजतन इलाज में देरी से मरीज की स्थिति गम्भीर हो जाती है. कैंसर के प्रति जागरूकता लाने ही संस्था काम कर रही है. इसमें कोई सरकारी सहयोग संस्था नहीं लेती. 22 अप्रैल को होने जा रहे कैम्प में कैंसर समेत विभिन्न रोगों सम्बंधित विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहेंगे. निश्चित इसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगेसुबह दस बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा ये मेगा हेल्थ केम्प22 अप्रैल को सुबह दस बजे से चालू होकर शाम चार बजे तक ये मेगा हेल्थ कैम्प चलेगा जिसमे 16 विशेषज्ञ डाक्टरो की टीम मरीजो के स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार करेगी , केम्प में शुगर ओर बीपी टेस्ट सहित आँख जांच की भी व्यवस्था रहेगीस्वास्थ्य केम्प के लिए पंजीयन चालू हो चुका है ,पहले पंजीयन करवाने वाले 500 मरीजो का इस केम्प में स्वास्थ्य परीक्षण होगा ।

## बीजापुर में 13 कोरोना संक्रमित की पुष्टि

**बीजापुर,14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला अस्पताल. बीजापुर मे जांच के दौरान 13 कोरोना संक्रमित. पाये गए हैं भैरमगढ़ आश्रम के बाद यह दुसरा कोरोना संक्रमण का मामला है गंगालूर से 5और बीजापुर के 8 लोगों की पहचान हुई है एंटीजेन टेस्ट पाये गए पाजीटिव संक्रमित मरीजों को किया गया कवारंटाईन कोरोना नोडल अधिकारी डा.विकास गवेल ने ये जानकारी दी कोरोना के इस मामले को देखते हुए स्वास्थ्य अमला एलर्ट हो गया है सभी जरूरी आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## एकलव्य विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों के लिए 27 तक आवेदन आमंत्रित

**गरियाबंद,14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु अस्थाई रूप से मानदेय पर अध्यापन कार्य के लिए अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था हेतु पात्र लोगों से आवेदन मंगाए गए है। इस संबंध में आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि अतिथि शिक्षक के लिए फ्रेश अभ्यर्थी या सेवानिवृत्त शिक्षक ऑफलाईन के माध्यम से 27 अप्रैल 2023 तक आवेदन कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए विभाग के वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन या जिले के वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट गरियाबंद डॉट जीओव्ही डॉट इन पर अवलोकन कर सकते हैं।

## अनुसंधान एवं प्रसार नियोजन स्टेशन कार्यशाला का आयोजन




**कांकेर 14 अप्रैल ।** रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सिंगारभाट कांकेर में संचालक अनुसंधान सेवाएं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के निर्देशानुसार अनुसंधान एवं प्रसार नियोजन स्टेशन मीटिंग का आयोजन महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में अधिष्ठाता डॉ. एन.के. रस्तोगी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें विगत सत्र में हुए अनुसंधान एवं आगामी सत्र में होने वाले अनुसंधान की योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. पी.एस. मरकाम ने उद्यानिकी से संबंधित विभिन्न फसलों में हो रहे अनुसंधान जिसमें मिर्च, फूल के बीज उत्पादन के बारे में कांकेर जिला में भविष्य में अपार संभावनाओं के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन डॉ जे.एल. सलाम ने मूंगफली फसल में हो रहे अनुसंधान के बारे में जानकारी दी।, सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार नेताम ने प्रक्षेत्र में धान, गेहू, सरसों, तिवड़ा एवं मूंग बीज उत्पादन की जानकारी दी। वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र के इंजीनियर नरेन्द्र हरिदास तायडे द्वारा 2022 की उपलब्धियां तथा ट्रैक्टर चलित लघु धान्य प्लांटर, बेलर मशीन, मक्का थ्रेशर के बारे में बताया। वैज्ञानिक डॉ चन्दूलाल ठाकुर द्वारा वार्षिक नियोजन आई.एफ.एस. मॉडल के बारे में बताया। वैज्ञानिक डॉ. कोमल सिंह केराम द्वारा वार्षिक नियोजन 2022-23 एवं आगामी सत्र 2023-24 में होने वाले कार्य नियोजन के बारे में बताया ।

## डायवर्सन शुल्क पटाने घर-घर निवेदन

**कांकेर 14 अप्रैल।** राजस्व विभाग की टीम द्वारा 14 से 17 अप्रैल तक तहसील कांकेर अंतर्गत ग्राम सिंगारभाट, कोदाभाट, कांकेर शहर, गोविंदपुर, नांदनमारा, ठेलकाबोड और माकड़ी में बकाया डायवर्सन शुल्क की वसूली के लिए घर-घर जाकर डायवर्सन लगान का भुगतान करने का निवेदन किया जायेगा, इसके साथ ही शिविर भी लगाया जायेगा।

## एक नजर

### ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की हुई दबकर मौत



**पत्थलगांव/तमता, 14 अप्रैल।** सिमेंट व ईट भरकर अनियंत्रित वेग से चल रही टैऊक्टर के पलटने से एक मजदुर की मौत हो गयी है,मामला तमता क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार तमता के दर्रापारा मुरेबाचौक के पास घटना घटित हुयी है,जहा एक अनियंत्रित वेग से जा रही टैऊक्टर के पलटने से हिद्रानराम उम्र 45 वर्ष कुम्हाढाप चंदागढ निवासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इस घटना की सूचना पत्थलगांव पुलिस को मिलते ही दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गयी थी,जहा टैऊक्टर के नीचे से मृतक के शव का बाहर निकालकर पंचनामा तैयार किया गया। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को परिजनो को सौंपा जायेगा,इस घटना से हिद्राराम के घर मे शोक का माहौल निर्मित हो गया। बताया जाता है कि टैऊक्टर गांव के ही किसी व्यक्ति की थी।

### हाथियों ने भंडारपारा में मचाया आतंक



**पत्थलगांव/तमता, 14 अप्रैल।** दंतैल हाथी का उत्पात एक बार फ्रि बढ गया है। गुरूवार की देर रात कुडकेलखजरी के भंडारपारा मे एक दंतैल हाथी ने दहशत मचायी। मिली जानकारी के अनुसार गुरबारी यादव के मकान मे दंतैल ने तोड फेड की,जिसके बाद हाथी शेखरपुर की ओर निकल गया। ग्रामीणो के अनुसार खेतो मे फ्सल ना रहने के कारण दंतैल ने घर का रूख किया था,पिछले कुछ दिनो से इस क्षेत्र मे हाथियों की आमदा ना के बराबर थी,परंतु गुरूवार की रात एक बार फ्रि दंतैल हाथी की धमक से ग्रामीणो मे दहशत व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार गुरबारी बाई के मकान को तोडने की सूचना वनविभाग को मिलते ही उनके द्वारा हाथी को गांव से बाहर खदेड दिया गया था,परंतु उसके बाद भी ग्रामीण हाथी के भय से रातभर जागकर गावं की सुरक्षा करते दिखायी दिये।

### राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत लोगों को किया जागरूक



**महासमुंद 14 अप्रैल ।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न निजी संस्थाओं में तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के लिए जागरुकता कार्यशाला व चित्रकला प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया। प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जागरूकता कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.आर. बंजारे के निर्देशन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम) श्री रोहित वर्मा के मार्गदर्शन व नोडल अधिकारी (एनटीसीपी) डॉक्टर छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम स्थानीय नर्सिंग इंस्टीट्यूट, महाविद्यालय एवं नर्सिंग इंस्टीट्यूट में आयोजित था। जिसमें विद्यार्थियों को तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र के बारे में जानकारी दी गई साथ ही कोटपा एक्ट 2003 की धाराओं के बारे में विस्तार से बताया गया।

### खाद्य एवं औषधि विभाग ने की कार्रवाई



**महासमुंद 14 अप्रैल।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत विकासखण्ड पिथौरा में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रवर्तन दल के द्वारा कोटपा एक्ट 2003 (सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003) के तहत् चालानी कार्यवाही की गई।कार्यवाही में औषधि निरीक्षक अखिलेश पांडेय द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में आने वाले विद्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों में कोटपा एक्ट 2003 की धारा 04 सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान पर प्रतिबंध, 06 अ नबालिको के तंबाकू उत्पाद के उपयोग व बिक्री पर प्रतिबंध व धारा 06 ब शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध के अन्तर्गत कुल 18 चालान काटे गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस आर बंजारे के निर्देशन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम) श्री रोहित वर्मा के मार्गदर्शन व नोडल अधिकारी (एनटीपीसी) डॉक्टर छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से चालानी कार्यवाही की गई।

# कई गांवों में सोने की खदान का सर्वेक्षण शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 14 अप्रैल।** ब्लाक के जामझोर,मयूरनाचा,सहसपुर एवं सीमावाड़ी ग्राम से सटे चौरापाठ पहाड़ में जियोलॉजिकल सर्वे द्वारा सोने की खदान का सर्वेक्षण का कम शुरू होते ही एक बार फ्रि से विरोध होना शुरू हो गया है। ज्ञात हो कि लगभग 40 वर्ष पूर्व भी यहा सोने के खादान का सर्वे के शुरुवाती दौर में ही विरोध के बाद यहा सर्वे नहीं हो पाया था,एक बार फ्रि केंद्र सरकार इस पहाड़ का जियोलॉजिकल सर्वे का काम शुरू कर दिया है,परंतु इस बार ग्रामीण पहले से ज्यादा ही उग्र और आक्रोशित नजर आ रहे है। बताया जा रहा है कि 4 दिन पूर्व ही मयूरनाचा में ग्रामीणों ने सर्वे की टीम के एक सदस्य को बंधक बना लिया था,जिसके बाद प्रशासन की ओर से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पत्थलगांव रामशिला लाल व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस हरीश पाटिल के नेतृत्व में ग्राम जामझोर में एक जनसभा का आयोजन किया, परंतु यह जनसभा भी ग्रामीणों के आक्रोश की भेंट चढ़ गयी। दरअसल बरसो से इस पूरे क्षेत्र में से गुजर रही नदियों के पानी एव बालू के कणों को ग्रामीणों द्वारा हाथो से जमाकर सोने के कण निकाले जाते हैं,अनुमान है कि चोरापाठ पहाड़ की तराई से होकर गुजर रही नदी नाले के पानी में पहाड़ के ही बालू के अंश जा रहे हैं और पहाड़ के गर्त में ही इस सोने के कणों का राज छिपा हुआ है,अब देखना यह होगा कि ग्रामीणों के विरोध के बाद क्या प्रशासन यहां सोने की खदान का सर्वे पूरा कर पाती है या फ्रि जल-जंगल-जमीन का नारा देकर सर्वे को रोक लगाने के लिए ग्रामीण अपने मकसद में कामयाब होंगे।

**जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया सोने की खोज करती है-:**जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा देश के कई हिस्सों में सोने की खोज पिछले कई वर्षो से की जा रही है। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को जब प्रमाण मिलता है तो वह राज्य सरकार को इसकी रिपोर्ट देती है,इसी रिपोर्ट के आधार पर खदान की नीलामी और खनन का काम किया जाता है,पत्थलगांव के इस क्षेत्र में सोना खोजने का काम करीब 40 वर्ष पहले शुरू किया गया था,यहां पर जियोलॉजिकल सर्वे ऑफइंडिया ने खनिज पदार्थ होने की संभावना पर काम शुरू किया था,परन्तु यहा ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है,यहा से जो भी नदी बहती है. इस नदी की रेत से अब भी सालों से सोना निकाला जा रहा है। नदियों के आसपास रहने वाले आदिवासी लोग इसी नदी के भरोसे ही अपनी आजीविका चला रहे हैं. ये नदी आज भी एक रहस्य है, क्योंकि यह कोई नहीं जानता कि आखिर ये सोना कहां से आता है।।

## शांति व्यवस्था के लिए निकाली सद्भावना रैली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 14 अप्रैल।** शांति व्यवस्था बनी रहे इसलिए प्रशासन ने सदभावना रैली का आयोजन किया। रैली से पूर्व थाना मे एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी,जिसमे प्रेस प्रशासन के साथ सर्व समाज के लोग शामिल हुये। एस.डी.एम आर.एस.लाल,एस.डी.ओ.पी हरीश पाटिल,थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने शहरवासियों से शांति एवं सौहाद्र का वातावरण बनाये रखने की अपिल की। उनका कहना था कि क्षेत्र हमेंशा से शांत रहा है,यहा सभी समाज के लोग आपसी सौहाद्र के साथ मिलजुलकर तीज त्यौहार मनाते आये है,यहा के भाईचारे की मिसाल अन्य जगहो पर भी दी जाती है। इस कारण किसी भी विवादीत बयान या विवादीत बातो से जिले का माहौल खराब ना होने दे। प्रशासनिक अधिकारीयों ने सभी को सामंजस बनाकर भाईचारे के साथ रहने की बात कही। दरअसल ऐसा पिछले कुछ दिनो से छ.ग. के कुछ हिस्सो मे वारदातो के कारण उपजे विवाद की वजह से किया जा रहा था,एक युवक की हत्या के बाद सोशल मीडिया फेसबुक मे भडकाउ किस्म की बातें प्रसारित की जा रही थी,जिसके कारण वातावरण बिगडने के संकेत दिखायी दे रहे थे। दो दिन पूर्व जिले मे भी शांति एवं सदभावना के लिए रैली निकाली गयी थी,जिसमे सर्वसमाज के लोग शामिल हुये थे। कल दिन गुरूवार को थाना मे बैठक के बाद शहर के प्रमुख तीनो मार्गो मे रैली निकाली गयी,जिसमे प्रशासनिक अधिकारीयों के साथ प्रेस से जुडे लोग एवं सर्व समाज के नागरिक अपनी उपस्थिती दर्ज कराये। रैली तीनो मार्गो मे भ्रमण की,जिसमे वंदे मातरम के साथ भारत माता की जय एवं हिंदु मुस्लिम सिक्ख ईसाई आपस मे सब भाई-भाई जैसे नारे लगाये जा रहे थे।।

**सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण**

## जिले में अब तक 1 लाख 34 हजार से ज्यादा परिवारों का हुआ सर्वेक्षण



**महासमुंद।** जिले में अब तक 1 लाख 34 हजार 97 परिवारों का सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण किया जा चुका है। बीते एक अप्रैल से ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू हुए सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण में का काम शुरू हुआ। समाचार लिखे जाने तक ताजा जानकारी के अनुसार सर्वाधिक सर्वेक्षण पिथौरा में 28,633 परिवारों का हुआ है। इसी प्रकार सरायपाली में 27,646, महासमुंद में 27,068, बागबाहरा में 26,186 और बसना के ग्रामीण क्षेत्रों में में 24,565 परिवारों का सर्वेक्षण टीम द्वारा सर्वेक्षण किया जा चुका है। जिले में कुल 2,84,540 परिवारों के सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण किया जाना है। इसमें बागबाहरा के 53,833, बसना के 54,046, महासमुंद के 58,875, पिथौरा के 64,862 और सरायपाली विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों के 52,924 परिवार शामिल है। जिले के 551 ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण के लिए 135 सुपरवाईजर, 1476 प्रगणक की ड्यूटी लगाई गई है। जो जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर प्रपत्र, एप्प के माध्यम से सर्वे का काम कर रहें हैं। यह कार्य आगामी 30 अप्रैल तक चलेगा। सर्वेक्षण में विभिन्न योजनाओं से वंचित हितग्राही भी नवीन सूची में शामिल हो पाएंगे।

# चाय के साथ चर्चा में शामिल हुए प्रेस और प्रशासन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव,14 अप्रैल।**चाय के साथ चर्चा में आज प्रेस एवं प्रशासन के लोग एक साथ शामिल हुये। शहर मे शांति एवं सदभावना बनाये रखना इस बैठक का अहम हिस्सा था,प्रेस एवं प्रशासन के लोगो ने एक साथ मिलकर शहर मे शांति व्यवस्था बनाने मे आपसी सहयोग पर चाय की चुस्की के साथ चर्चा की। एस.डी.एम आर.एस.लाल,एस.डी.ओ.पी हरीश पाटिल,ए.एस.आई संतोष तिवारी,नायब तहसीलदार गणेश सिदार के अलावा प्रेस क्लब के अध्यक्ष विजय त्रिपाठी,सुरेन्द्र चेतवानी,राजेश अग्रवाल,जितेन्द्र गुप्ता,श्याम चौहान,प्रदीप ठाकुर,दिपेश रोहिला मुख्य रूप से चर्चा मे शामिल हुये,जहा प्रशासनिक अधिकारीयों ने प्रेस से प्रशासन के सहयोग की अपेक्षा मे अपने विचार व्यक्त किये। वही शांति एवं सदभावना बनाने के मार्ग मे प्रेस ने भी अपने विचार रखे। प्रेस क्लब के अध्यक्ष विजय त्रिपाठी ने शहर की बिगडी यातायात व्यवस्था को सुधारने पर जोर दिया। उनका कहना था कि दुपहिया वाहन चालक फर्राटे से वाहन दौडाकर आम नागरिको के लिए परेशानी का सबब बने हुये है,जिस पर पुलिस एवं प्रशासन को ध्यान देने की सख्त आवश्यकता है। उन्होने शहर के युवाओ मे नशीली मेडिसिन के बढते चलन पर भी चिंता जाहिर की,उनका कहना था कि नशीली दवाओ का सेवन कर युवाओ का एक बहुत बडा वर्ग हर रोज दुर्घटनाओ को अंजाम दे रहा है,जो उनके स्वयं के साथ-साथ दूसरे लोगो के लिए भी घातक साबित हो रहा है,जिस पर अंकुश लगाना बेहद जरूरी है। उन्होने नशीली दवाओ के क्रेता एवं विक्रेता दोनो पर सख्ती के साथ कार्यवाही करने की बात रखी। उनका कहना था कि मेडिसिन का नशा अन्य मादक प्रदार्थो से काफी सस्ता है,यही कारण है कि आज के युवक मेडिसिन के नशे मे अधिक उतर गये है। एस.डी.एम आर.एस.लाल ने पत्रकारो की बातो को गंभीरता से लिया,उन्होने नगरीय क्षेत्र मे धूल से हो रही परेशानी को लेकर सी.एम.ओ जितेन्द्र बहादुर पटेल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये,बस स्टैन्ड के भितर यदा-कदा वाहनो की पार्किंग सुधारने के लिए पुलिस को निर्देश दिये।।

## एलुमनी प्रबंध कार्यकारिणी ने लिए कॉलेज के विकास के अनेक निर्णय

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एलुमनी प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक डॉ. अनसूया अग्रवाल प्राचार्य एवं संरक्षक एलुमनी एसोसिएशन, दाऊलाल चंद्राकर अध्यक्ष एलुमनी एसोसिएशन, डॉ. रीता पांडेय के संयोजन आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय के अधोसंरचना के निर्माण, अकादमिक विकास, महाविद्यालय के नैक मूल्यांकन में सहयोग, ओपन जिम स्थल में पेवर ब्लॉक लगाने, पूर्व के मांग पत्र कैंटीन निर्माण के संबंध में मांग रखी गई। पुनः विधायक के समक्ष कार्य होने के लिए चर्चा करने का प्रस्ताव रखा गया। महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष का सम्मान एवं अन्य एलुमनी सदस्यों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर उनका सम्मान, सदस्य संख्या में वृद्धि एवं आम सभा की तिथि एवं कार्यक्रम के स्वरूप पर निर्णय लिए गए। बैठक के पश्चात प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सदस्य अजीज कुरैशी अधिवक्ता के निधन पर 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में लिए गए निर्णय निम्नानुसार सत्र 1980 से 10 पूर्व छात्र संघ अध्यक्षों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। दानदाता अलुमनी सदसें को सम्मानित किया जाएगा। आम-सभा कार्यक्रम पर चर्चा हुई। महाविद्यालय के आगामी जुलाई माह में नेक मूल्यांकन होना है, इसके लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। गर्ल्स कामन रूम का उद्घाटन व कैंटीन का भूमिपूजन आमसभा के दिन करवाया जाएगा।

बैठक में संजय शर्मा उपाध्यक्ष एलुमनी एसोसिएशन, डॉ.दुर्गावती भारती सचिव, अजय कुमार राजा कोषाध्यक्ष, प्रियंका सोनवानी, अजय थवाईत, ईश्वर चन्द्राकर, मनोज शर्मा, मुकेश पेंदरिया आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमा राजा व आभार प्रदर्शन डॉ. अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य ने किया।

## श्रीराम वाटिका के नागरिकों ने नपा उपाध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

महासमुंद। अयोध्या नगर वार्ड क्रमांक 3 में समस्याओं को लेकर जन कल्याण सेवा समिति के पदाधिकारियों ने नगर पालिका उपाध्यक्ष व सभापति कृष्ण कुमार चंद्राकर से मुलाकात की। पदाधिकारियों ने समस्या के निराकरण के लिए उपाध्यक्ष को एक पत्र सौंप है।अयोध्या नगर वार्ड क्रमांक 3 के जनकल्याण सेवा समिति के पदाधिकारियों ने गुरुवार को नगर पालिका उपाध्यक्ष व सभापति कृष्ण कुमार चंद्राकर से मिलकर श्रीराम वाटिका कॉलोनी में बरसात के दिनों में होने वाली समस्या से जुड़ी एक पत्र सौंपा है। पदाधिकारियों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 3, नयापारा की ओर से आने वाली बरसात का पानी जो कि अयोध्या नगर सहित श्रीराम वाटिका में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाती है। घरों में नाली का गंदा पानी प्रवेश कर जाता है। उन्होंने कहा कि गार्डन के लिए आरक्षित स्थल पर जल्द से जल्द गार्डन विकसित किया जाये। गार्डन के साथ साथ ओपन जिम की व्यवस्था किया जाए। अयोध्या नगर के सड़के उखड़ गई है, जिसे डामरीकरण की आवश्यकता है। वार्ड के नालियों की नियमित सफाई कराने की आवश्यकता है। इस पर नपा उपाध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि आयोजन नगर और ईमली भाठा क्षेत्र में बहुत से कार्य होना है। उन्होंने बताया कि ईमलीभाठा बांध के शहरी क्षेत्रों में सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड़, एकता चौक से लेकर नहर तक डामरीकरण सड़क 20 लाख, गुलशन चैक से लेकर श्रीराम वाटिका के आगे तक सीसी नाली निर्माण 90 लाख, गुलशन चौक से लेकर श्रीराम वाटिका के गेट तक डामरीकरण कार्य 20 लाख, आलोक पांडे घर से विनय बंसपाल टाप निर्माण कार्य 20 लाख, निर्मलकर घर से शंकर ठाकुर घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 20 लाख, पाल पानी फैक्ट्री से चंचल दुबे घर तक सीसी रोड निर्माण 20 लाख, अहिवार घर से पंकज शर्मा घर तक टाप निर्माण 20 लाख, गुलशन चौक से लेकर श्रीराम वाटिका परिसर के गेट तक डामरीकरण कार्य 20 लाख रुपए का प्रावधान इस बजट में किया गया है।

## समाचार संक्षेप

### 1 लाख इनामी मिलिशिया कमाण्डर सहित 4 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.), श्री साकेत कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ छत्तीसगढ़ सेक्टर रायपुर श्री हरजिन्दर सिंह उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ (परिचालन रेंज जगदलपुर) के मार्गदर्शन एवं श्री सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक सुकमा, श्री कुलदीप कुमार जैन कमांडेन्ट 226 वाहिनी सीआरपीएफ, श्री रण विजय कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी 226 वाहिनी सीआरपीएफ एवं श्री किरण चव्हाण अति. पुलिस अधीक्षक नक्स ऑप्स सुकमा के निर्देशन तथा श्री परमेश्वर तिलकवार पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन की फ्पुनर्वास नीतिफ् के प्रचार-प्रसार एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे फ्पुना नर्कोम अभियानफ् नई सुबह, नई शुरूआत से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर प्रतिबंधित नक्सली संगठन से जुड़े 04 नक्सलियों क्रमशः 01. मुचाकी देवा (मिलिशिया कमाण्डर ईनामी 01 लाख छ0ग0 शासन द्वारा), 02. मुचाकी जोगा ( मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर ), 03. मुचाकी हुंगा (मिलिशिया सदस्य ), 04. सोमारू (मिलिशिया सदस्य ) सभी का साकिनान थाना कुकानार क्षेत्र के द्वारा आज दिनांक 13.04.2023 को नक्सल ऑप्स कार्यालय सुकमा में श्री रण विजय कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी 226 वाहिनी सीआरपीएफ एवं श्री रजत नाग उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। नक्सलियों को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में 226 वाहिनी सीआरपीएफ के आसूचना शाखा एवं थाना प्रभारी छिन्दगढ़ निरीक्षक एकेश्वर नाग का विशेष प्रयास रहा।सभी आत्मसमर्पित नक्सली विगत कई वर्षो से नक्सल संगठन में जुड़कर जिला सुकमा – दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र के थाना गादीरास, कुकानार, छिन्दगढ़ एवं थाना कटेकल्याण क्षेत्र घटित विभिन्न नक्सली गतिविधियों में सम्मिलित रहे है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन के पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय किया जायेगा ।

### तोंगपाल में खेल मैदान निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम शामिल हुए कवासी लखमा

**सुकमा, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्रामवासियों के द्वारा माननीय कैबिनेट मंत्री श्री कवासी लखमा जी का आत्मीय स्वागत किया गया। ग्राम वासियों के द्वारा बरसो की मांग को पूरा करते हुए मंत्री जी के कर कमलों के द्वारा खेल मैदान कार्य का शिलान्यास किया गया। जिसकी लागत लगभग 50 लाख है।माननीय मंत्री जी के द्वारा आमसभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिसके तहत एक एकड़ खेत मे 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल खरीदी कर दी गयी है। इससे किसानों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त होगा।उन्होंने आगे कहा की हमारी सरकार बस्तर के विकास के लिए सतत निरंतर कार्य कर रही है और करते रहेगी। आज हमारी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यमों गरीब जनता के जेब मे पैसा डालने का काम कर रही है, जिसमें धान खरीदी का अधिकतम समर्थन मूल्य, तेंदूपत्ता का नगद भुगतान, कोदो कुटकी रागी की उचित मूल्य पर खरीदी आदि। धुरवा नृत्य करने वाले दलों को प्रोत्साहन स्वरूप 15 हजार नगद का ईनाम दिया गया साथ ही अम्बेडकर समाज के कार्यक्रम हेतु 20 हजार की नगद राशि दी गयी। ग्रामवासियों के द्वारा पानी टेंकर की मांग की गयी जिसे माननीय मंत्री जी के द्वारा सहर्ष स्वीकार करते हुए तत्काल मांग को पूरा करने का आदेश दिया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, प्रशासनिक अधिकारीगण, सरपंचगण, पदाधिकारीगण वरिष्ठ कांग्रेसी, हस्ट्ठ के जिला अध्यक्ष, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### लोगों को कवासी लखमा ने खाना परोसा



**सुकमा, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जन जन के दादी कवासी लखमा कार्यक्रम समाप्ति के बाद आये लोगो को खुद अपने हाथों से भोजन परोसते हुये मंत्री श्री कवासी लखमा भरोसे का सम्मेलन में शामिल होने के पश्चात ग्रामीणों को खाना परोसते प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्रवासियों से कुशलक्षेम जाना साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित होकर सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किये।

### रक्तदान शिविर संपन्न



**रायपुर,14 अप्रैल।** अखिल भारत हिन्दू महासभा द्वारा स्थापना दिवस पर स्थानीय डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय मेकाहारा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडियन फिटनेस एण्ड बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव संजय शर्मा थे। उक्त कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष प्रकाश नारायण शुक्ल संरक्षक मधुसूदन मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष तेजस्वी सिंह ठाकुर, प्रदेश महासचिव कौशल चंद्राकर, प्रदेश अध्यक्ष महिला सभा मनीषा सिंह बघेल, महिला सभा जिला अध्यक्ष रंजीता शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी पल्लव श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष गौरव पटेल, संतोष गुप्ता, शंकर मानिकपुरी, जितेश मिश्रा, विशाल बरेठ, विशाल चंद्रिका पूरे सी.एच. वासु, रोहन मुरे, राकेश गुप्ता, संजय राजपूत, मनीष पाण्डेय, गौरव वर्मा, सुमित थापा इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चित्रकला प्रशिक्षण शिविर 15 से

रायपुर, 14 अप्रैल। स्थानीय आर्ट होंम महिला एवं बाल चित्रकला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 15 अप्रैल से 31 मई तक रविन्द्र सांस्कृतिक भवन प्रेसक्लब परिसर मोतीबाग में प्रातः 8:30 बजे तक किया जाएगा। रविवार को अवकाश रहेगा।चित्रकला शिविर में 3 वर्ष के आयु के बच्चे से लेकर अधिकतम आयु वर्ग के प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

चित्रकला प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से रेखांकन पोस्टर रंग कार्य, फेब्रिक पेंटिंग, फ्लावर पॉट मेकिंग सेंड पेटिंग आदि सिखाया जाएगा। चित्रकला से संबंधित आवश्यक सामग्री प्रशिक्षु स्वयं लाएंगे। समस्त प्रशिक्षु को सेनेटाइजर एवं मास्क पहनकर आना अनिवार्य रहेगा और एक निश्चित दूरी बनाकर बैठेंगे।

चित्रकला का प्रशिक्षण मुख्य रूप से नरेश वाढेर, जयश्री भगवानानी, सुनीता द्विवेदी, रश्मि सुंदरानी, पूर्वी भादुड़ी आदि कलागुरू के द्वारा किया जाएगा। निर्धन वर्ग के लिए एवं प्रेस मीडिया परिवार के लिए प्रशिक्षण निशुल्क रहेगा।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



भाटापारा, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 13 अप्रेल को रेल्वे स्टेशन तिल्दा यार्ड में एक अज्ञात व्यक्ति उम्र 30, 35 वर्ष ट्रेन की चपेट मे आ जाने मौत हो गई स्टेशन मास्टर भाटापारा के लिखित मेमो पर जीआरपी पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। अज्ञात मृतक के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिला है मिलने पर जी आर पी चौंकी भाटापारा में सूचना देने को को कहा गया है, जीआरपी पुलिस ने आसपास क्षेत्र मे भी पतासाजी कर रही है।

### भागवत कथा पर निकली कलश यात्रा



भाटापारा, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कान्यकुब्ज ब्राहमण समाज के भवन प्रांगण मे आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के आयोजन अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमे बडी संख्या मे महिलाएं सिर पर कलश रख कलश यात्रा मे शामिल हुईं। 13 से 19 अप्रेल तक आयोजित भागवत कथा मे कथा वाचक पं. कान्हा जी प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक कथा का रसपान श्रद्धालु भक्तो को करायेंगे।

### कांग्रेसियों ने मनाई बाबा साहेब की जयती



तिल्दा नेवरा, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जनक राम वर्मा पूर्व विधायक ने बाबा साहब को स्रदांजली अर्पित करते हुए कहा सुहेला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बाबा साहेब के जयंती के अवसर पर याद करते पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, तुलसी वर्मा , संदीप पाण्डे , सीमा वर्मा , भूनेश्वर वर्मा सुरेन्द्र ठाकुर संतोष चन्द्राकर हरीश ध्रुव बिसन साहू जीहेमु पटरे जी मुनि राम वर्मा भरत वर्मा के साथ उपस्थित थे



तिल्दा नेवरा, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी पहुंची जगदलपुर लालबाग मैदान में भरोसे का सम्मेलन को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में राज्यसभा के पूर्व सांसद छाया वर्मा सहित सभी महिला नेत्रियाँ गुलाब के फूल से स्वागत किये और सभी एक साथ माँ दन्तेश्वरी की दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किये।

### आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर रजत बंसल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 13 अप्रैल 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में किरण देवी पति नारायण सिंह चौहान, निवासी ग्राम बोड़तरा, तहसील भाटापारा एवं जगमोहन यादव पिता मन्नूलाल, निवासी ग्राम खैरी क, तहसील भाटापारा हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के आग से जलने, कुंआ के पानी में डूबने से मौत हो गई थी।

# गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्ची के इलाज के लिए स्कूल प्रबंधन ने किया सहयोग

## भयानक बीमारी से लड़ रहा है मध्यमवर्गीय परिवार, आर्थिक समस्या से भी जूझ रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 14 अप्रैल।** शहर के भुरवाटोला निवासी सेजल बंजारे के इलाज के लिए खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़ ने परिवार के विपरीत परिस्थितियों में सहयोग किया है जिससे यह पता चलता है की स्कूल प्रबंधन अपने विद्यार्थियों के लिए अच्छे से अच्छे करना चाहता है खालसा स्कूल में साढ़े 4 वर्ष की अध्ययनरत छात्र कैंसर जैसे खतरनाक बीमारी से जल्द से जल्द स्वस्थ हो इसलिए स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक अस्वस्थ बच्ची के लिए प्रयासरत है

धर्मनगरी डोंगरगढ़ के भुरवाटोला निवासी सेजल बंजारे साढे 4 वर्ष की बच्ची जो खालसा पब्लिक स्कूल नर्सरी डोंगरगढ़ में पढ़ाई कर रही है सेजल की माता दिव्यांग होते हुए वह अपने बच्चे की इस गंभीर बीमारी ब्लड कैंसर के साथ लड़ाई लड़ रही है और अपने भाइयों पर आश्रित है मामा पुरूषोत्तम बंजारे अभिभावक द्वारा गंभीर बीमारी के इलाज के लिए सहयोग की बात स्कूल प्रबंधन के सामने रखी सेजल बंजारे ब्लड कैंसर जैसे गंभीर बीमारी से संघर्ष कर रही है उसकी इलाज एवं अन्य व्यवस्था के लिए खालसा पब्लिक स्कूल के प्रबंधन समिति शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं स्कूल के समस्त अभिभावकगणों द्वारा 91 हजार रुपए सहयोग राशि एकत्रित कर बच्ची के



परिजनों को दी गई एवं लगभग 70 हजार रूपए ऑनलाइन उनके खाते में भेजा गया सेजल बंजारे की माता लक्ष्मी बंजारे के 7 वर्ष का एक लड़का व साढे 4 वर्ष की एक बच्ची सेजल है जो खालसा पब्लिक स्कूल में मात्र 3 महीने ही स्कूल जा पाई थी 20 जनवरी 2023 को सेजल को लगातार बुखार की शिकायत होने लगी डोंगरगढ़ राजनंदगांव में इलाज के के बाद संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने ब्लड कैंसर होने की बात कही गई 3 माह से आयुष्मान कार्ड से चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो पा रहे हैं

मध्यमवर्गीय परिवार के कारण आर्थिक समस्या

सेजल का परिवार मध्यमवर्गीय परिवार है सेजल के पापा पहले से ही साथ नही रहते जिसके चलते सेजल उसका भाई एवं सेजल की माता अपने मायके पर ही आश्रित है सेजल के मामा उपर मन्दिर पर नास्ते की दूकान लगाते है इसके अतिरिक्त आय के श्रोत नही होने के कारण इस भयानक बीमारी से लड़ने में अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है

सेजल के मामा पुरुषोत्तम भारती ने बताया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष भाई नवाज खान के दिशा निर्देश से मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के अंतर्गत 8.50 लांख रुपए 5 माह तक इलाज जारी रहेगा विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बताया है कि ढाई वर्ष तक इनका इलाज संजीवनी हॉस्पिटल में जारी रहेगा जिसके लिए अनुमानित 12 से 15 लाख रुपए की आवश्यकता पड़ेगी शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरजीत सिंह अरोरा सचिव गुरु शरण सिंह कक्कड़ प्राचार्य निधि शर्मा स्कूल इंचार्ज स्वाति शुक्ला अहमदी खान राजेश्वरी राव ने सेजल के अभिभावक को 91 हजार रुपए नगद राशि स्कूल ने एकत्रित कर सौंपा गया जिससे बच्ची का बेहतर इलाज हो सके

खालसा पब्लिक स्कूल के प्रबंधन समिति ने अपील की है कि ब्लड कैंसर जैसे गंभीर बीमारी से जूझ रही सेजल बंजारे की मदद के लिए खालसा पब्लिक स्कूल में संपर्क कर सकते हैं जिससे इस बच्ची की जान बचाया जा सके फ़िर से स्वस्थ होकर वह स्कूल में पढ़ाई अध्ययन कर सकें जो कोई भी व्यक्ति या समाज सेवी संस्था सहयोग कर सकते हैं खाता नंबर 3180 790 821 में भी ऑनलाइन राशि डालकर सहयोग कर सकते हैं।

# देवताओं में सिर्फ श्रीराम को ही मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है: शिवरतन शर्मा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 14 अप्रैल।** सिमगा नगर के किल्ला पारा में आयोजित त्रिदिवसीय अखंड नवधा रामायण के समापन अवसर पर अथिति के रूप में क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा अनिल पांडे ने पहुंचकर श्रीफल भेटकर आशीर्वाद लिया।

त्रिदिवसीय अखंड नवधा रामायण में उपस्थित जनसमूह को विधायक शिवरतन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि रामायण ग्रथ एक ऐसा ग्रंथ है जिसे सबसे ज्यादा पढ़ा और सुना जाने वाला ग्रंथ है। रामायण कई भाषाओं में लिखा गया है। रामायण के मुख्य नायक भगवान राम ने अपने संपूर्ण जीवन काल में एक ऐसा आदर्श स्थापित किया है कि एक पुत्र का अपने माता पिता भाई बहन पत्नी समाज राज्य देश के प्रति क्या कर्तव्य हैं। रामायण एक ऐसा ग्रंथ है जिसमें भगवान श्रीराम के संपूर्ण जीवन चरित्र को सुनने को मिलता है और हमें उनके चरित्र को आत्मसात करने की जरूरत है। 33 करोड़ देवी देवताओं में भगवान राम को ही मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है क्योंकि उन्होंने अपने जीवन काल में हर मर्यादा का पालन किया। इस अवसर पर भाजपा नेता धीरज जैन छोटू यादव अभिजीत अवस्थी सहित रामायण आयोजन समिति के सभी सदस्य एवं मोहल्ले वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# तिल्दा का सटोरिया रायपुर में गिरफ्तार

## सैकड़ों की संख्या में जुड़े है लोग, करोड़ों का लगता है दांव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 14 अप्रैल।** कहते है समाज सेवा एवम दान करना है तो सटोरियों के पास लोग खोज कर पहुंच जाते हैं और समाज सेवा में खुल कर दान देना हो या धार्मिक आयोजनों में खुल कर दोनो हाथो से दान करना हो यह तिल्दा नेवरा के सटे बाज ब सटोरियों की एक मिशाल बन गई है और तिल्दा नेवरा में यह कारोबार का बाजार बन चुका है।

**करोड़ों रुपयों का दाव लगा ने वाले सड़क पर आएत्न** नगर में दर्जनों परिवार इस वक्त सट्टे के कारण बर्बाद हो गए करोड़ों रुपयों की सम्पत्ति बिक गई और आज भी परेशान है एक मुट्ठी लोग तिल्दा नेवरा में सट्टे से निरंतर। करोड़ों की अंचल संपति बना बैठे है लेकिन नगर में दो दर्जन से अधिक परिवार बर्बाद हो चुके है दुख व्यक्त किसे करे।

**युवा वर्ग में जुआ सट्टे का रोग :** तत्काल लख पति बनने का सपना देखने वाले अधिकाश युवा वर्ग इस बीमारी से शिकार है और हर गली नगर गांव में यह कारोबार मोबाइल ऐप से चलता है तो हर



जगह कमीशन एजेंट होते है युवा इस कदर इस कारोबार में घुस रहे है की उनको अपना भविष्य नजर आ रहा है और रोग बढ़ता जा रहा है।

**पुलिस की सक्रियता से सटोरियों में हड़कंप:** थाना प्रभारी सुदर्शन सिंह ध्रुव का खौफतिल्दा नेवरा शहर में दिखने लगा है उन्होंने पद भार ग्रहण करते ही सामाजिक बुराइयों और अपराधियों के खिलाफ सघन अभियान छेड़ दिया था जिस तरह से उनके द्वारा अपराध करने वालो का जुलुस निकाला जाता है जिसके देखे आम जनता अपने आप को सुरछित महसूस कर रहे है कुछ दिन पूर्व निर्ममता पूर्वक हत्या करने वालो को महज 24 घंटे के भीतर धर दबोचा और उनका आतंक खत्म करने के लिए उन्ही के गावो में जुलुस निकल कर अपराधियों के हौसले पास्ट कर दिए है।

**भूमि गत हुए सटोरिए:** इसका परिणाम यह है की शहर में जुआ सट्टा का कारोबार करने वाले भूमिगत हो गए या कही और से संचालित कर रहे है।

**रायपुर में दबोचा सटोरिया को :** शहर का सटोरिया विजय चंदवानी उर्फ़ चेपटी थाना देवेन्द्र नगर पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर थाना देवेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित सिटी सेंटर मॉल के पास अपने मोबाईल फोन से आई.पी.एल क्रिकेट मैच में सट्टा संचालित करते पकड़ा गया उसके कब्जे से कुल नगदी रकम 3, 040/- रूपये तथा घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन जप्त कर सटोरियें के विरूद्ध थाना देवेन्द्र नगर में अपराध क्रमांक 50/23 धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेजा गया।

# आरपीएफ ने ट्रेन पर पत्थर न चलाने लोगों को किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 14 अप्रैल।** रेलवे सुरक्षा बल, रायपुर मंडल के द्वारा ट्रेनो पर पत्थरबाजी करने वालो, रेलवे ट्रेक के किनारे मवेशी चराने वालो, एम.आर.ओ. की घटनाओं को रोकने एवं अनाधिकृत रूप से रेलवे ट्रेक पार करने वालों के खिलाफ दुर्ग, भिलाई, बीएमवाय, रायपुर, तिल्दा, भाटापारा, मंदिर हसौद आदि सभी क्षेत्रो मे 11 से 17 अप्रेल तक विशेष अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के दौरान रेल लाईन के किनारे बनी हुई बस्तियों, गांवो के लोगो एवं विद्यालय मे पढ़ने वाले छात्र--छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम मे 13 अप्रेल को रायपुर-खमतराई एरिया, निपनिया-दगौरी सेक्शन मे जागरूकता अभियान चलाकर आम लोगो को जागरूक किया गया। जिसके तहत मवेशीयों को रेलवे ट्रेक के किनारे




नही आने देने] जिससे ट्रेन दुर्घटना होने और लोगो के जानमाल के नुकसान की प्रबल संभावना रहने, आमलोगो को रेलवे ट्रेक से दूर रहने एवं रेलवे लाईन के किनारे नही आने की समझाईस दिया गया] यदि वे रेलवे ट्रेक के किनारे आयेंगे तो जानमाल का नुकसान होने की संभावना रहती है। वंदे भारत सहित सभी सुपरफास्ट, मेल, एक्सप्रेस आदि ट्रेनो की गति बहुत ज्यादा रहती है जिसके कारण लोगो को संभलने का अवसर भी प्राप्त नही हो पाता है। ट्रेनो पर पत्थरबाजी करने से यात्रियों को चोट पहँच सकती है, जिसके कारण जान माल एवं रेल सम्पति को नुकसान पहुँचता है, रेल राष्ट्रीय सम्पति है। ट्रेनो पर पत्थरबाजी करने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध रेलवे एक्ट के तहत सख्त कार्यवाही की जा रही है।


**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग**

रा.प्र.क्र. ................ /अ-6/22/23

**उद्घोषणा-पत्र**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरमीत सिंग भाटिया पिता स्व. रावेल सिंग भाटिया निवासी ग्राम रावेल पेट्रोल पंप पुलगांव नाका दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 250/2 रकबा 0.008 हे. है। भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार रावेल सिंग की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 27/4/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/4/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

**जारी दिनांक:- 12/4/23**
**सुनवाई दिनांक:- 27/4/23**

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग**

रा.प्र.क्र. ................ /अ-6/22/23

**उद्घोषणा-पत्र**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरमीत सिंग भाटिया पिता स्व. रावेल सिंग भाटिया निवासी ग्राम पुलगांव नाका दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 84/1 रकबा 0.0490 हे. है। भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार हरवंश कौर की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 27/4/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/4/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

**जारी दिनांक:- 12/4/23**
**सुनवाई दिनांक:- 27/4/23**

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202304094500010/202304094500010**

विषय:- साहूकारी लाइसेन्स नवीनीकरण
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2022-2023

पटपर प.ह.न. 00017 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- राहुल तिवारी,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक राहुल तिवारी पिता सुशील तिवारी जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम पटपर तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के नाम पर माननीय तहसीलदार डोगरगढ़ द्वारा साहूकारी लायसेंस क्रमांक 11/2017 दिनांक 02.06.2017 से पांच वर्ष के लिए जारी किया गया था। जिसकी अवधि पूर्ण हो चुकी है। आवेदक उक्त साहूकारी लायसेंस स्वास्थ्य कारणों से नवीनीकरण नहीं करवा पाया है, आवेदक उक्त साहूकारी लायसेंस का नवीनीकरण किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 19.04.2023 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/04/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार लालबहादुर नगर

**कार्यालय कलेक्टर (जिला निर्माण समिति) जिला बस्तर जगदलपुर**
**अल्प निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/01/जि.नि.स./2022-23 — जगदलपुर दिनांक 10/04/2023

| क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | Construction of Samudayik Bhawan For Bhatara Samaj at Hatguda Block Jagdalpur | 45.82 | 20.04.2023 |
| 2. | Construction of Samudayik Bhawan For OBC Samaj at Jagdalpur | 45.82 | 20.04.2023 |

टीप:- अन्य विवरण एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग क्र. 1 जगदलपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है।

(नोडल अधिकारी)
जिला निर्माण समिति
कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि.
उत्तर बस्तर संभाग क्र.1 जगदलपुर

जी-00184/5


# अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स में मनाया गया अग्नि सुरक्षा सप्ताह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 14 अप्रैल।** स्मीपाथ अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स में आज14 अप्रेल से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है जिसका शुभारंभ संयंत्र प्रमुख देवनाथ गुहा द्वारा ध्वजारोहण कर संयंत्र के मुख्य द्वार पर प्लांट के सभी वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी गण एवं श्रमिक गण उपस्थिति में किया गयाज,

संयंत्र प्रमुख देवनाथ गुहा ने बताया की 1944 में मुंबई बंदरगाह विस्फोटक उतारते समय अचानक लगी आग को बुझाने में 66 जवान शहीद हो गए थे। उनकी याद में हर वर्ष अग्निशमन सप्ताह मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि सप्ताह के अंतर्गत आम नागरिकों को अग्निकांडों से होने वाले नुकसान के प्रति जागरुक कर बचाव के उपाय बताए जाएंगे

सुरक्षा एवं सुरक्षित बने रहना हमारे जीवन में महत्व रखता है इसलिए प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस मनाया जाता है हमें हर पल यह याद रखना चाहिए की ऐसे कार्यो को नहीं करना




चाहिए जो स्वयं या दूसरों के लिए कोई दुर्घटना का कारण बने इसी सोच के साथ आज के इस कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम समस्त में अधिकारीगण द्वारा अग्नि सुरक्षा के बारे में अपने अपने विचार रखे गए कार्यक्रम का संचालन उदय शंकर लाल विभाग प्रमुख ईआर एंव एडमिन द्वारा किया गया उन्होंने बताया की ने बताया कि आगजनी की आपात स्थिति में लोगों की जान बचाने का काम किया जाता है। कई बार स्टाफ आग की चपेट में आ जाते है। लोगों के मदद करते हुए जान गंवाने वाले कर्मचारियों की याद में हर साल अग्नि सेवा सप्ताह मनाया जाता है। स्कूल, कालेज, चौक-चौरहा व अलग-अलग संस्थानों में जाकर लोगों को अग्नि दुर्घटना से बचाव की जानकारी देंगे। दीपक जयसंधानी द्वारा सुरछा प्रार्थना कराई गई और आग लगने ये सावधानी बरतें बाते बताई

आग लगने पर तुरंत सूचना दें। यह न सोचें कि कोई दूसरा इसकी सूचना पहले ही दे चुका होगा। आग लगने पर सबसे पहले इमारत की अग्नि चेतावनी की घंटी फायर अलार्म को सक्रिय करें। फिर बहुत जोर से आग-आग चिल्लाकर लोगों को सचेत करें। चेतावनी कम शब्दों में ही दें, नहीं तो लोगों की घटना की गंभीरता समझने में ज्यादा समय लग जाएगा। अजय चतुर्वेदी द्वारा सयंत्र में कार्यरत सभी कर्मचारियों श्रमिकों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई।

के. व्ही, एन, मूर्ति- प्लांट टेक्नीकल हेड द्वारा सभी को अग्नि सुरक्षा के बारे में मार्गदर्शित किया गया और कहा की पिछले कुछ वर्षो में अग्निशमन सेवा की बढ़ी जिम्मेदारियां : अग्निशमन सेवा का दायित्व और जिम्मेदारी अब पहले से बढ़ गई है। पहले आग बुझाने और जीवन संपत्ति की रक्षा तक सीमित थे। लेकिन अब दायित्व और जिम्मेदारी बढ़ गई। अब खतरनाक सामग्रियों से होने वाली घटनाओं, उन्नात आपातकालीन चिकित्सा स्थितियों, सीमित स्थान में बचाव, खाई और पानी के नीचे होने वाले बचाव अभियानों की भी जिम्मेदारी दे दी गई है।


**कार्यालय कलेक्टर, जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़**
**अल्पकालिक प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**
**(जिला निर्माण समिति)**

निविदा क्र./02 — बीजापुर, दिनांक 12/04/2023

कलेक्टर, जिला बीजापुर की ओर से लोक शिक्षक संचालनालय अन्तर्गत निर्माण कार्यों की स्वीकृति जिला निर्माण समिति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित एस.ओ.आर. (भवन निर्माण कार्य के लिए) दर प्रशित दर के आधार पर तथा लोक निर्माण विभाग में एकल पद्धति से पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमा. लागत राशि रू. (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | GOVT. N. PRIMARY SCHOOL GODAMPARA BIJAUR (02 नग) | 16.10 | 12100.00 |
| 2. | GOVT. PRIMARY SCHOOL GHUMRA (02 नग) | 16.10 | 12100.00 |
| 3. | GOVT. PRIMARY SCHOOL MODIPARA CHERPAL (02 नग) | 16.10 | 12100.00 |
| 4. | GOVT. PRIMARY SCHOOL TARAM PARA KADENAR (02 नग) | 16.10 | 12100.00 |
| 5. | GOVT. PRIMARY SCHOOL KACHLARAM (02 नग) | 16.10 | 12100.00 |
| 6. | GOVT. PRIMARY SCHOOL CHINTANPALLI (02 नग) | 16.10 | 12100.00 |
| 7. | GOVT. PRIMARY SCHOOL KOVEAPARA (02 नग) | 16.10 | 12100.00 |
| 8. | GOVT. PRIMARY SCHOOL BADDEPARA GANGALUR (02 नग) | 16.10 | 12100.00 |
| 9. | GOVT. PRIMARY SCHOOL HALBAPARA (02 नग) | 16.10 | 12100.00 |
| 10. | GOVT. PRIMARY SCHOOL NAYAPARA TUMNAR (02 नग) | 16.10 | 12100.00 |
| 11. | GOVT. PRIMARY SCHOOL POTAMPARA (02 नग) | 16.10 | 12100.00 |
| 12. | GOVT. PRIMARY SCHOOL BHOGAMGUDA (02 नग) | 16.10 | 12100.00 |
| 13. | GOVT. PRIMARY SCHOOL KORSAPARA (02 नग) | 16.10 | 12100.00 |
| 14. | GOVT. PRIMARY SCHOOL PAMALVAYA (02 नग) | 16.10 | 12100.00 |
| 15. | GOVT. PRIMARY SCHOOL CHINNAJOJAR (02 नग) | 16.10 | 12100.00 |

**महत्वपूर्ण निर्देश:-**

- निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 24/04/2023 सायं 5.00 बजे तक
- निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 01/05/2023 अपरान्ह 3.00 बजे तक
- निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 01/05/2023 अपरान्ह 3.30 बजे तक
- टेंडर फार्म का मूल्य - 1500.00 प्रति फार्म
- कार्य पूर्ण करने की समय सीमा - माह वर्षा ऋतु सहित
- ठेकेदारों की श्रेणी - डी-श्रेणी या उससे ऊपर

निविदा प्रपत्र कलेक्टर कार्यालय जिला निर्माण समिति शाखा बीजापुर में आवेदन के साथ ऊपर दर्शाये अनुसार निविदा प्रपत्र के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं चेक जो कि कलेक्टर बीजापुर के नाम से एवं बीजापुर में देय हो (जो वापसी योग्य नहीं है)।

**टीप:- निर्माण के संबंध में अन्य आवश्यक विशेष नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल में या वेबसाईट www.bijapur.gov.in पर उपलब्ध है।**

कलेक्टर
जिला-बीजापुर

जी-00234/4

## एक नजर

### कसडोल विधानसभा के प्रभारी बनाए गए अमित चौधरी



**रायपुर, 14 अप्रैल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत द्वारा एक सूची जारी करते हुए बताया गया कि पूरे प्रदेश भर में भा.ज.यु.मो विधानसभा प्रभारी एवं सह प्रभारी बनाए गए हैं इसी कड़ी में कसडोल विधानसभा मे प्रभारी के रूप में अमित चौधरी की नियुक्ति की गई है. वरिष्ठ नेताओं ने अमित चौधरी को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### अंजिनेश बने धरसींवा विधानसभा के प्रभारी



**रायपुर, 14 अप्रैल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा नव मतदाता अभिनंदन तथा आगामी आंदोलनो व कार्यक्रमों के लिए विधानसभा प्रभारियों व सह प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव एवं संगठन महामंत्री पवन साय, मोर्चा के प्रदेश प्रभारी विजय शर्मा की अनुशंसा पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने धरसींवा विधानसभा प्रभारी का दायित्व उच्च न्यायालय अधिवक्ता अंजिनेश अंजय शुक्ला, भाजयुमो प्रदेश सहप्रभारी शासकीय योजना स्वाध्याय मण्डल को दिया है। यह दायित्व संगठनात्मक कार्य में उन्हे लगातार उत्कृष्ट भूमिका निभाने हेतु प्रदान किया गया है। इस नियुक्ति का भारतीय जनता युवा मोर्चा धरसींवा विधानसभा के युवाओं ने पुरजोर स्वागत करते हुए प्रदेश संगठन के प्रति आभार जताया है। अंजिनेश भाजपा नेता अंजय शुक्ला के पुत्र हैं।

### ब्यूटी पार्लर सेल्फ कोर्स 24 से

**रायपुर, 14 अप्रैल।** ब्राइट फाऊंडेशन, बिजली ऑफिस चौक बुढापारा रायपुर में 24 अप्रैल से पहली बेच का शुभारंभ हो रहा है (केवल महिलाओं के लिए) 15 दिवसीय सेल्फब्यूटी पार्लर के कोर्स मे महिलाएं स्वयं का मेकअप कैसे करे, सीखेंगी। प्रशिक्षण महिला विशेषज्ञ द्वारा प्रदान किया जायेगा। इच्छुक महिलाएं विस्तृत जानकारी के लिए प्रति शनिवार को कार्यालय मे अथवा मोबाइल नंबर 9893146101 या 7587702244 पर संपर्क कर अग्रिम पंजीयन करवा सकती हैं।

# आंबेडकर ने दबे-कुचले लोगों को दिलाया अधिकारः सीएम





**रायपुर, 14 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर के अंबेडकर चौक में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जयंती पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम : मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि एक तरफ देश आजादी की लड़ाई लड़ रहा था, वहीं दूसरी तरफबाबासाहेब अंबेडकर दबे कुचले समाज को अधिकार दिलाने के लिए संगठित कर संघर्ष कर रहे थे उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने समाज के पिछड़े वर्ग के लोगों को शिक्षित होकर संगठित होकर संघर्ष करने की प्रेरणा दी है ।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उनको नमन की गया इस अवसर पर गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन में उनकी छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया गया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा कि भारत रत्न महान समाज सुधारक और संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने शोषित वंचित और महिलाओं के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को आने वाली पीढ़ियां सदैव याद रखेगी।

इस कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे सुनीता शर्मा नवीन चंद्राकर अरुण जंघेल अशोक ठाकुर प्रशांत ठेंगड़ी शहर प्रवक्ता बंशी कन्नौजे अवीनय दुबे मुन्ना मिश्रा जी श्रीनिवास संगीता दुबे लोकेश्वरी साहू प्रमिला सोनवानी सागर वाकडे शिव वर्मा जयनारायण जलछत्रि निसार चांगल गुड्डू साहू विष्णु राजपूत अरुण सिंह प्रवीण चंद्राकर प्रकाश पुजारा कमलेश नथवानी शब्बीर खान भूपेंद्र जलछत्रि राजू नायक माधव छुरा सचिन अग्रवाल शशि वर्मा गिरिराज चावड़ा धीरेंद्र साखरे धन सिंह यादव महावीर देवाँगन रवि शर्मा उपस्थित थे।

# राज्यपाल की भूमिका की समीक्षा होनी चाहिए : बघेल

**रायपुर 14 अप्रैल।** आरक्षण बिल में हस्ताक्षर में देरी पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बार फिर तीखा तंज कसा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्यपाल की भूमिका पर सवाल खड़े किये है। संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर जयंती पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया के सवाल के जवाब में कहा कि राजभवन की भूमिका की समीक्षा होनी चाहिए? राज्यपाल विधेयक को कितने दिन रोक सकते है? जनता से जुड़े मुद्दों को क्यों रोका जा रहा है? युवाओं को नौकरी,भर्तियों में परेशानी हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान में विधेयक को अनिश्चितकाल तक रोकने का अधिकार है, उसकी समीक्षा की जाने की जरुरत है, राज्यपाल सार्वजनिक हित के फैसले नहीं ले पा रहे हैं, 4 महीना हो गया, आरक्षण विधेयक राजभवन में रुका हुआ है, हमारे बच्चों की परीक्षाएं हैं और विधेयक अभी तक अटका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल सर्वजनिक हित के फैसले नहीं ले पा रहे हैं। आरक्षण विधेयक आज भी राजभवन में लंबित पड़ा हुआ है। आरक्षण विधेयक पर राजयपाल हस्ताक्षर नहीं कर रहे। आरक्षण पर मैंने अपना काम कर दिया है। बगल में राजभवन है उनसे कहिए कि विधेयक पर हस्ताक्षर करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम ने कहा आज संविधान खतरे में है। संविधान के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है। संविधान बचेगा तो हम सब बचेंगे। संविधान नहीं बचा तो हम सब खतरे में पड़ जाएंगे।अंबेडकर जी ने समाज में बदलाव लाने का प्रयास किया। इधर राज्यपाल की भूमिका की समीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा है कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है भविष्य में ऐसी कोई चर्चा होगी कोई निर्णय होगा तो अलग बात है।

# फार्मेसी काउंसिल चुनावः ड्रगिस्ट एसोसिएशन के प्रत्याशियों की जीत

## रजिस्ट्रार शेखर वर्मा को मिले मात्र 131 वोट

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 14 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल के चुनाव के परिणाम आज आ गए हैं। तीन पैनलों के मध्य हुए इस चुनाव में छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन समर्थित सदस्यों की जीत हुई है।

निर्वाचन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार बीटीआई के पास सिंधु पैलेस में कल से मतों की गणना का काम चल रहा था जो कि मध्य रात्रि तक सम्पन्न हुआ। प्रत्येक चक्र में सात हजार वोटों की गणना हुई। कुल 13 हजार मत पड़े थे। इस चुनाव में एकता पैनल के अलावा छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने अपने प्रत्याशियों को चुनाव में उतारा था। राज्य में छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल के 6 सदस्यों का निर्वाचन होना था। इसके लिए करीब 29 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा था। पिछले एक महीने से पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान चल रहा था। 10 अप्रैल को अंतिम दिवस होने के पश्चात 13 अप्रैल को मतों की गणना शुरू हुई। काउंसिल के रजिस्ट्रार शेखर वर्मा को मात्र 131 वोट ही प्राप्त हुए। ज्ञात रहे रजिस्ट्रार होने के बावजूद वे चुनाव मैदान में उतरे थे। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन प्रत्याशी अरुण मिश्रा गरियाबंद, मंगत राम शर्मा, गीतासर अग्रवाल, निकेत, संदीप बजाज रायपुर और महलवार निर्वाचित घोषित कर दिए गए हैं। अब पांच सदस्यों का नामांकन सरकार द्वारा किया जाएगा। इसमें संयुक्त संचालक, मुख्य चिकित्सा परिवार कल्याण अधिकारी सहित अन्य दो लोग पदेन सदस्य होते हैं। इसके अध्यक्ष स्वास्थ्य मंत्री होते हैं। राज्य में फार्मेसी काउंसिल के पास कई काम हैं इसलिए इसके चुनाव को लेकर भारी उठापटक चल रही थी। पिछले पांच वर्षों में सदस्यों का नामांकन नहीं हो पाया जिसके चलते काउंसिल का काम काफी मुश्किल भरा था।

## उमस और गर्मी से लोग बेचैन अरब की खाड़ी से आ रही नमी

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 14 अप्रैल।** राजधानी में इस समय अरब की खाड़ी से आ रही नमी के कारण बदली छाई हुई है जिसके कारण लोग उमस भरी गर्मी से बेचैन हैं। अगले दो दिनों में तापमान में और वृद्धि होगी। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डा. चंद्रा से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में इस समय जहां नमी आ रही है वहीं गर्म हवाएं भी चल रही है जिसके कारण यहां पर तापमान बढ़ रहा है। रायपुर का आज का तापमान अधिकतम 43 डिग्री दर्ज किया गया। नमी के कारण यहां पर लू चलने के आसार नहीं है। फिलहाल मौसम ऐसा ही रहेगा। अगले दो दिनों के पश्चात तापमान बढ़ने लगेगा। राजधानी रायपुर के अलावा सारंगढ़ तथा अन्य क्षेत्रों में भी तापमान बढ़ता जा रहा है। राजधानी के कई वार्डों में अब गर्मी के कारण पेयजल संकट गहराता जा रहा है। यहां पर भूजल स्तर काफी गिरता जा रहा है।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23